■ वर्ष-21 ■ अंक-302
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ शुक्रवार ■ 20 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत्-2081

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

# दैनिक समय जगत



दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# मोदी सरकार में रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है देश

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत पहले आधुनिक हथियारों और तकनीकी क्षेत्र में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व गति से कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बदल रहा है, और हमें भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी कौशल अपनाने की जरूरत है।

उन्होंने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों पर काम करें और देश की धरोहर को न भूलें। सिंह आईआईटी दिल्ली में इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई तकनीकें आने वाले समय में हर क्षेत्र में बड़ा प्रभाव डालेंगी। उनका कहना था कि भारत अभी इस तकनीकी विकास के शुरुआती चरण में है, लेकिन हमारा लक्ष्य इन तकनीकों पर काबू पाना है, ताकि भविष्य में इन्हें लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा, पहले भारत आधुनिक हथियारों और तकनीकी मामलों में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के रास्ते पर भारत ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये योजनाएं युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं, ताकि उनकी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र की उन्नति में हो सके। बता दें, आईडीईएक्स को साल 2018 में नवाचारों को बढ़ावा देने और रक्षा तथा एयरोस्पेस क्षेत्र में तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक इको-सिस्टम बनाने के लिए लॉन्च किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि भारत आज ऐसे हथियारों का निर्यात कर रहा है, जिन्हें पहले वह आयात करता था, और यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। रक्षा मंत्री ने आईआईटी और डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) के योगदान की सराहना की और कहा कि भविष्य में उद्योग, अनुसंधान संगठनों और अकादमिक संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग जरूरी है। साथ ही यह विश्वास भी जताया कि भारत जल्दी ही वैश्विक मंच पर तकनीकी दृष्टि से एक मजबूत स्थिति हासिल करेगा।



इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के वार्षिक सम्मेलन में बोले रक्षामंत्री राजनाथ

## अब बन रही हैं 200 नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, रेल मंत्री ने लोकसभा में दी जानकारी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जानकारी दी कि दो दिसंबर 2024 तक छोटी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए देश भर में ब्रॉड गेज इलेक्ट्रिफिकेशन नेटवर्क पर 136 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। इनमें चेयर कार हैं। अक्तूबर 2024 तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की औसत उपस्थिति 100 प्रतिशत से अधिक रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अप्रैल 2018 से भारतीय रेलवे की प्रोडक्शन यूनिट्स केवल एलएचबी कोच बना रही हैं। इन कोचों का प्रोडक्शन लगातार बढ़ रहा है। रेल मंत्री के मुताबिक, 2014-24 के दौरान बनाए गए एलएचबी कोचों की संख्या (36,933) 2004-14 के दौरान बनाए गए कोचों (2,337) की तुलना में 16 गुना से अधिक है। भारतीय रेलवे ने एलएलबी कोचों को बढ़ावा दिया है, जो तकनीकी रूप से बेहतर हैं और इनमें एंटी-क्लाइंबिंग व्यवस्था, विफलता संकेत प्रणाली के साथ एयर सस्पेंशन और कम क्षरण वाली शैल जैसी विशेषताएं हैं। वहीं, सुगम्य भारत अभियान के तहत भारतीय रेलवे दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर बताया कि इन कोच को लोडेड सिमुलेशन ट्रायल के लिए आईसीएफ चेन्नई के लिए रवाना किया जा चुका है। ट्रायल के बाद बहुत जल्द ये ट्रेनें अपने कमर्शियल रन के लिए शुरू हो जाएंगी। एक अनुमान के मुताबिक, देश की पहली वंदे भारत स्लीपर का ट्रायल बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। जिसे पूरा होने में करीब 2 महीने का समय लग सकता है। इसके बाद ही ट्रेन का कमर्शियल रन स्टार्ट होगा। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर को किस रूट पर चलाया जाएगा, इसे लेकर अभी से काफी सारे कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, देश के अलग-अलग जोन से इसे लेकर कई सारे प्रपोजल आए हैं। मुख्य तौर पर इसे बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों से शुरू किया जा सकता है। इसे लेकर अंतिम फैसला जल्द हो सकता है। वहीं, रेलमंत्री पहले ही ये साफ कर चुके हैं कि वंदे भारत स्लीपर का किराया देश में राजधानी एक्सप्रेस के किराए के बराबर होने वाला है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 160 किमी की रफ्तार से चलेगी। जो कि 180 किमी की टॉप स्पीड तक जा सकती है। इस ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, जिसमें 11 थर्ड एसी, 4 सेकंड एसी और 1 फर्स्ट क्लास कोच होंगे।



### अक्षय पात्र फाउंडेशन के किचन में पहुंचे मुख्यमंत्री ने बच्चों को खाना भी परोसा

# हमारी परंपरा में है आहार की शुद्धता की बात: सीएम डॉ. मोहन यादव

**समय जगत, भोपाल।** सीएम डॉ मोहन यादव गुरुवार सुबह भोपाल में अक्षय पात्र फाउंडेशन के द्वारा आयोजित मिड-डे मिल कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा एक करोड़ वीं थाली में भोजन परोसने का कीर्तिमान बना। इस दौरान सीएम फाउंडेशन के किचन में पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली छात्रों के लिए बनने वाले पोषण आहार का जायजा लिया।

साथ ही बच्चों को खाना भी बांटा। सीएम ने फाउंडेशन द्वारा 50 हजार स्कूली बच्चों के लिए पोषण आहार मुहैया कराने की तारीफ की। संस्था द्वारा मशीनों से यह भोजन बनाया जाता है। सीएम ने मशीनों से खाना बनने की प्रक्रिया को भी समझा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल और उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएम ने भारतीय आहार परंपरा के बारे में बात की। उन्होंने ओम सहना भवतु मंत्र का पाठ किया। इसी के साथ उन्होंने कहा- हमारे यहां की परंपरा में आहार-विहार जिंदगी की एक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। परमात्मा की भक्ति के अलावा हमारे यहां आहार की शुद्धता की भी बात की गई है। कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव ने फाउंडेशन के पोषण आहार वितरण की तारीफ की। उन्होंने कहा- 38 गाड़ियों की मदद से 76 कर्मचारियों की टीम, 645 स्कूलों की मीड डे मील में पोषक आहार पहुंचा रही है। उन्होंने संस्था के बारे में कहा- ये सिर्फ आहार नहीं पहुंचा रहे, एक तरह से नया जीवन पहुंचा रहे। फाउंडेशन का पूरा खाना मशीनों से बनता है। रोटी बनाने की मशीन एक घंटे में 40 हजार रोटी बना लेती है। इसके अलावा सब्जियां छीलने और काटने का काम भी मशीनों में होता है। सीएम ने भी इन मशीनों से खाना बनाकर देखा।

अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत भोजन परोसा जाता है। बावड़ियां कलां के किचन में प्रतिदिन 50 हजार छात्रों के लिए भोजन तैयार होता है। भोपाल के 645 स्कूलों में 38 गाड़ियों के द्वारा पहुंचाया जाता है। यहां पर आधुनिक मशीनों से भोजन तैयार किया जाता है। कुछ ही घंटों में एक लाख 20 हजार रोटियां और 30 हजार पूड़ियों के साथ अन्य खाद्य सामग्री भी तैयार होती है।



### हर तरफ से पिस रहा मिडिल क्लास

# टैक्स भी दें और हर खरीद पर जीएसटी भी चुकायें?

**नई दिल्ली।** देश के मिडिल क्लास का दर्द अब केंद्र सरकार के लिए भी सिर दर्द बनता जा रहा है। इस कारण अब मिडिल क्लास को राहत देने की तैयारी शुरु हो चुकी है। कयास हैं कि इस बार के बजट में मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा मिल सकता है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से उद्योगपतियों और कॉरपोरेट्स का आर्थिक विकास में बड़ा योगदान रहता है, लेकिन ताजा रिपोर्ट बताती है कि कॉरपोरेट जगत ने मिडिल क्लास को परेशानी में डालना शुरू कर दिया है। करोड़ों का मुनाफा कमाने वाले कॉरपोरेट जगत आम आदमी से कम टैक्स देता है। यहीं कारण पिछले दिनों देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी कॉरपोरेट जगत के रुख पर चिंता जाहिर की थी।




### देश में गिर रही उपभोक्ताओं की खपत

रिपोर्ट के अनुसार कॉरपोरेट जगत को केंद्र सरकार ने कई तरह की छूट दी जिसका फायदा उन्होंने खूब उठाया लेकिन अब देश के विकास को 3 तरह से पलीता लगा रहे हैं। पहला कॉरपोरेट जगत बंपर मुनाफे के बावजूद अपने कर्मचारियों की सैलरी नहीं बढ़ा रहे। दूसरा, व्यक्तिगत टैक्सपेयर्स के मुकाबले वे कम टैक्स का भुगतान कर रहे हैं और तीसरा, प्रॉफिट होने के बावजूद रोजगार का सृजन नहीं कर रहे, बल्कि कर्मचारियों पर ही काम का दबाव बढ़ाते जा रहे। हाल में फिक्की ने रिपोर्ट में खुलासा किया था कि कॉरपोरेट जगत का मुनाफा 15 साल के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया है। बावजूद इसके मिडिल क्लास से कॉरपोरेट जगत से ज्यादा टैक्स वसूला जा रहा है। महंगाई और लोन की ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद उनकी सैलरी में औसतन 1 फीसदी से भी कम का इजाफा हुआ है। इस कारण पिछली 5 तिमाहियों में देश की उपभोक्ता खपत गिरती जा रही है। यह इसलिए चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था उपभोक्ता आधारित है। जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी 60 फीसदी के करीब है। मिडिल क्लास और कॉरपोरेट जगत के बीच का अंतर आप इसतरह से आसनी से समझ सकते हैं कि चालू वित्तवर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत करदाताओं ने कंपनियों से ज्यादा इनकम टैक्स दिया। इतना ही नहीं उन पर जीएसटी की भी मार पड़ी, जबकि कॉरपोरेट को इससे छूट रहती है। आंकड़े के अनुसार चालू वित्तवर्ष में व्यक्तिगत इनकम टैक्स बजट अनुमान के अनुसार, 11.56 लाख करोड़ रुपये वसूला जाएगा, जबकि कॉरपोरेट से महज 10.42 लाख करोड़ रुपये का टैक्स वसूले जाने का अनुमान है। ऊपर से आम आदमी को अपनी जरूरत की वस्तुओं पर 28 फीसदी तक जीएसटी भी देना होता है।

# कांग्रेस विधायक अपने वेतन से कराएंगे क्षेत्र में विकास कार्य!

### भाजपा नेता ने कहा- कांग्रेस विधायकों को सैलरी की जरूरत नहीं



**समय जगत, भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल ने बड़ा फैसला लेते हुए वेतन नहीं लेने का फैसला किया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा सदन में इसकी घोषणा की है। सिंघार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। इस पर सभी कांग्रेस विधायकों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया है कि वे अपनी तनख्वाह नहीं लेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने अध्यक्ष से आग्रह किया है कि कांग्रेस विधायकों की तनख्वाह का उपयोग उनके क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए किया जाए। सिंघार ने कहा कि सरकार कांग्रेस विधायकों के साथ भेदभाव कर रही है। इसलिए वे अपने वेतन से अपने क्षेत्र का विकास करने का फैसला लिया है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को सभी विधायकों ने हस्ताक्षर के साथ एक चिट्ठी भी सौंपी है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार कह रही है हमारे पास पैसा नहीं है, तो हमने इसलिए सैलरी वापस करने का फैसला किया है। हमारी जो सैलरी है, उससे हमारे क्षेत्र में विकास करवा दें। सरकार ने कहा था पांच-पांच करोड़ रुपए दिए जाएंगे, लेकिन अब तक क्षेत्र में विकास करने के लिए कुछ नहीं दिया। विपक्षी विधायकों के साथ यह भेदभाव किया जा रहा है। जबकि सत्ता पक्ष के विधायकों को 15-15 करोड़ रुपए दिए गए विकास के लिए। इसलिए हम सभी विधायकों ने फैसला लिया है कि अब हम विधानसभा से मिलने वाली सैलरी को नहीं लेंगे। भाजपा के पूर्व मंत्री संजय पाठक ने कहा कांग्रेस ने लंबे समय तक प्रदेश और देश पर राज किया है। तब उन्होंने अपने क्षेत्र का कितना विकास किया यह वह बताएं। वैसे भी लंबे समय तक सरकार में रहे इन सब के पेट भरे हैं। इन्हें सैलरी की कोई जरूरत नहीं है। अगर वह सैलरी नहीं ले रहे हैं तो कोई एहसान नहीं कर रहे हैं। देश को लूटने में कांग्रेस का हाथ रहा है। कांग्रेस विधायकों की विधानसभा क्षेत्र में भेदभाव के आरोपों पर कहा स्वाभाविक सी बात है, जिस क्षेत्र की जनता ने हमें सरकार बनाने का मौका दिया वहां के लिए थोड़ा ज्यादा ही सोचा जाता है। कांग्रेसी विधायकों को भी मिलेगा, थोड़ा सब्र करें। लेकिन वह यह भी बताएं कि 15 महीने की कमलनाथ सरकार में किस तरीके से विपक्ष के विधायकों को प्रताड़ित किया गया था।

# साइबर क्राइम से जागरूक रहना जरूरी : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक की उन्नति ने साइबर अपराधों के स्वरूप को बदला है। साइबर अपराध के बदलते पैटर्न जैसे- डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग, फिशिंग आदि से समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल मेनिट भोपाल में ÷रिसेंट ट्रेंड्स इन इमेज प्रोसेसिंग एण्ड पैटर्न रिकग्निशन÷ विषय पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आर.टी.आई.पी. 2 आर- 2024 के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में मेनिट परिसर में आयोजित किया गया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग है। इसलिए समाज को विज्ञान और तकनीक के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों के बारे में जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विशेषज्ञों से कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित विज्ञान और तकनीकी ज्ञान की प्रगति का समाज और राष्ट्र के हित में विमर्श करे। सम्मेलन के माध्यम से तकनीक के परिवर्तनकारी क्षेत्रों के विकास में अपना योगदान देने आगे आए।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। राज्य में तकनीकी और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक दूरदर्शी दृष्टिकोण और अपार संभावनाएं है। प्रदेश की नीति और रीति, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विषय के अनुरूप है। उन्होंने पारस्परिक सहयोग से डिजिटल क्रांति के मुख्य घटक इमेज प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सम्भावनाओं पर पहल की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। उनका पुष्प-गुच्छ से स्वागत और शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में साऊथ डकोटा यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. के विषय विशेषज्ञ श्री के.सी. संतोष, दुबई में कार्यरत डॉ. विनयातोष मिश्रा ने इमेज प्रोसेसिंग और पैटर्न रिकग्निशन विषय पर शोध की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला।



# भाजपा के सांसदों ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने भाजपा के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने पहुंचे हैं। बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। हमने शिकायत में घटना का जिक्र किया है। जो आज संसद परिसर में हुई।



### प्रोत्साहन | 22 राज्यों के बच्चे बाल रंग में कर रहे हैं भागीदारी

# 3 दिवसीय राष्ट्रीय बाल रंग की आज होगी शुरुआत

**समय जगत, भोपाल।** विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के मकसद से 3 दिवसीय राष्ट्रीय बाल रंग की शुरूआत 20 दिसम्बर से भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा मानव संग्रहालय में हो रही है। स्कूल शिक्षा विभाग का राष्ट्रीय बाल रंग स्कूली बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित कर अभिव्यक्ति के विविध अवसर प्रदान करता है। यह महोत्सव भारत की शाश्वत संस्कृति का संदेश वाहक है। अनेकता में एकता, भारतीय संस्कृति की विशेषता है। अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता का सहेजे विभिन्न प्रांतों के बच्चे यहां पहुंचते हैं। 20 दिसम्बर को बाल रंग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रातः 10 बजे से शुरू होंगी। बालरंग समारोह का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सांस्कृतिक, साहित्यिक, निबंध लेखन, चित्रकला और केलीग्राफी प्रतियोगिताएं मुख्य रूप से आयोजित होंगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 9 संभागों के करीब एक हजार बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे। 21 और 22 दिसम्बर को देश के 17 राज्यों सहित 5 केन्द्र शासित प्रदेश के 15 हजार बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। राष्ट्रीय बाल रंग में लोक नृत्य प्रतियोगिता होगी। इनमें हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मध्यप्रदेश, सिक्किम, गोवा, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, दादरा एवं नगर हवेली, झारखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़ एवं पुडुचेरी शामिल हैं। इंदिरा मानव संग्रहालय में बच्चों में साहसिक एवं अनुशासन की भावना को मजबूत करने के लिये स्काउट केम्प भी लगाया जायेगा। इनमें बच्चे जंगल केम्प, रिवर क्रॉसिंग, मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, वॉच टॉवर, रॉक क्लाईम्बिंग और वॉल रेपलिंग जैसी गतिविधियों में अपना प्रदर्शन करेंगे। बाल रंग के दौरान 20 से 22 दिसम्बर तक विजन-2047 थीम के अंतर्गत बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनी में देश की विविधता वाली संस्कृति देखने का अवसर भी मिलेगा। इनमें जीवन कौशल, एक भारत श्रेष्ठ भारत, खेलो इंडिया, श्री अन्न खाद्यान्न, व्यावसायिक शिक्षा से रोजगार, अंतरिक्ष विज्ञान, जलवायु परिवर्तन विषय को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। बाल रंग में विभिन्न राज्यों के व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसके साथ ही परिसर में हस्तशिल्प पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। बाल रंग में तात्कालिक भाषण, लोक गीत, शास्त्रीय नृत्य, सुगम संगीत, सामुहिक लोक नृत्य, दिव्यांगजनों की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, वेद पाठ, नृत्य नाटिका, योग जैसी अनेक प्रतियोगिताएं होंगी। बाल रंग में 20, 21 और 22 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन होंगे।



# महान लोकतंत्र सेनानी एवं उ.प्र. स र कार के पूर्व मंत्री स्व. दादा बाबूराम एमकॉम की नवम् पुण्यतिथि पर आयोजित हुये उरई व झांसी में जन कल्याणकारी कार्यक्रम







डॉ.

**समय जगत, झांसी।** महान लोकतंत्र सेनानी एवं उ.प्र. स र कार के पूर्व मंत्री स्व. दादा बाबूराम एमकॉम की नवम् पुण्यतिथि पर 18 व 19 दिसम्बर को उरई और झांसी में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

स्व. दादा बाबूराम एम.कॉम के सुपुत्र बुन्देलखंड अभियान्त्रिकी एवं तकनीकि संस्थान झांसी के पूर्व चैयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स इंजी. राकेश गुप्ता ने बताया कि 18 दिसम्बर को स्व. दादा बाबूराम एम.कॉम मल्टीपरपज हाल बी.आई.ई.टी. झांसी में दादा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई व वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक निदेशक डॉ. अभय वर्मा, यशपाल राजपूत, संजय गुप्ता, आशीष गुप्ता, डॉ. आर.आर. सिंह इसके साथ -साथ वृद्धाश्रम राठ रोड उरई में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वाथ्स्य का परीक्षण कराया। तथा निःशुल्क दवा प्राप्त की। साथ ही श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डा. सी.पी. गुप्ता, लक्ष्मण बबानी, संतोष गुप्ता, सरस शर्मा, ब्रजकिशोर गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

उधर झांसी में आज 19 दिसम्बर को बिजौली स्थित लोकतंत्र सेनानी स्मारक स्थल पर प्रातः काल से सुन्दर काण्ड का पाठ व दादा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद दोपहर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके अलावा नीमा झांसी द्वारा निःशुल्क स्वस्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। व उन्हें दवा प्रदान की गई। इसके अलावा लोकतंत्र सेनानी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जो सायंकाल तक चला। इसमें लोग बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी व उनके परिजनों ने भाग लिया। प्रारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार गौतम ने स्व. दादा बाबूराम एमकाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी स्व. दादा बाबूराम एमकॉम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर खेत सिंह परिहार, रामगोपाल कुशवाहा, अनंत राम राजपाली, चन्द्रभान राय, उमाशंकर र ाय, ब्लॉक प्रमुख राजकांतेश वर्मा, संतोष खरेला, लोकतंत्र सेनानी संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. वीरेन्द्र साहू, जिला महामंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, बॉके बिहारी श्रीवास्तव, रामसेवक अड़जरिया, काशीराम कुशवाहा एड., रमेश पाठक, घासीराम राजपूत ,नरेश सोनी, बालकृष्ण सोनी, (सभी लोकतंत्र सेनानी) भी उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. कुबेरनाथ मिश्रा, डॉ. महेन्द्र शर्मा, डॉ. सरस द्विवेदी, डॉ. प्रतिमा भार्गव, सतीश कोटिया ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। महान लोकतंत्र सेनानी स्व. दादा बाबूराम एम.कॉम की पुण्यतिथि पर लगातार नौ वर्षों से उनके सुपुत्र इंजी. राकेश गुप्ता द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रम, सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन, व कन्या भोज तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान सराहनीय पहल है। इसके अलावा पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण, करने का र्का भी अनुकरणीय है। अंत में इंजी. राकेश गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सिद्धेश्वर गुरुकुल वेद विद्यालय का 16 जनवरी 2025 को होगा शुभारंभ

### सभी के लिए शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है

**समय जगत, झांसी।** विश्व हिन्दू महासंघ के संरक्षक श्री योगी आदित्यनाथ जी के हिन्दू संस्कार ,संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से प्रेरित होकर बुन्देलखण्ड के झाँसी नगर में श्री गुरुदेव जी की कृपा से एक लोकहितकारी प्रयास ,,श्री सिद्धेश्वर गुरुकुल वेद विद्यालय ,,का शुभारंभ कर रहे हैं आप सबकी मंगलकामना जरूरी है आशीर्वाद दीजियेगा। 16 जनवरी 2025 से होंगे श्री सिद्धेश्वर गुरुकुल में आवासीय ,प्रथमा व मध्यमा यानी कक्षा 8 व 9 में प्रवेश प्रारम्भ। 2026 में होंगे बड़ी कक्षाओं में प्रवेश ।सभी को मिले सनातन धर्म का सामान्य वेद ज्ञान ,इस मांग को स्वीकार कर ,दूसरे विद्यालयों में अंग्रेजी व हिंदी मीडियम के छात्रों को पढ़ाने हेतु एक घण्टे प्रतिदिन की संध्याकालीन क्लास शाम 5 से 6 वजे तक लगेगी। श्रद्धालु वयस्क भाई, बहनों के लिए पूजा पद्धति ज्ञान क्लास शाम 7 से 8 बजे तक लगेगी ,जो लोग ज्ञान लाभ लेना चाहते हैं ,वह सब लोग 16 जनवरी से अपना प्रवेश करा सकते हैं। देश के किसी भी प्रदेश के सनातन हिन्दू भाई व कर्मकांड विषय हेतु ब्राह्मण बालक आ सकते हैं ।सभी के लिए शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है ।किंतु विना गुरु आज्ञा या पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर प्रवेश निरस्त हो जाएगा ,अनुशासन जरूरी है साथ ही गुरुकुल संचालन हेतु प्रबन्ध समिति का विस्तार किया जा रहा है, जो हिन्दू सहयोग करने के इच्छुक हों वह समिति में शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित हैं ।सम्पर्क करें 9415060053 (आचार्य हरिओम पाठक गुरु जी )पता ,श्री सिद्धेश्वर सिद्धपीठ ,आश्रम , ग्वालियर रोड ,जी आई सी स्कूल के सामने झाँसी उत्तर प्रदेश ।।

## राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर सम्मानित हुये पेंशनर्स



**समय जगत,झांसी।** राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद लखनऊ शाखा झांसी द्वारा रायफ्ल क्लब झांसी में पेंशनर्स दिवस एवं वरिष्ट पेंशनर्स का सम्मान समारोह इंजीनियर देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता, अनिल कुमार मिश्रा , मुख्य कोषाधिकारी झांसी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ श्रीमती कल्पना पाण्डेय समाजसेविका के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ साथ में श्री बाबूराम नामदेव संरक्षक परिषद एवं इंजीनियर पी एन गुप्ता सलाहकार एवं श्री जगदीश रंजन दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं पेंशनर्स परिषद के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वललित कर एवं परिषद के प्रांतीय संस्थापक श्रीवास्तव जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इसके पश्चात मंच पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदन में उपस्थित सभी पेंशनर्स सदस्यों को माल्यार्पण एवं बैज लगा कर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य कोषाधिकारी द्वारा वरिष्ट पेंशनर्स सदस्य इंजीनियर देवेन्द्र सिंह, श्री शिव रतन सिंह सेंगर एवं श्री आर पी गुप्ता को श्रीफ्ल भेंट कर साल उड़ा कर एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। सदन मे उपस्थित सदस्यों एवं मंचासीन अधिकारियों द्वारा अपने अपने विचार रखे गए। इंजीनियर नईमुद्दीन एवं श्री जगदीश रंजन दूबे ने गीत प्रस्तुत किए, मुख्य कोषाधिकारी श्री मिश्रा जी ने सदस्यों की समस्याओं सम्बंधित समाधान एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया एवं मां के ऊपर अत्यंत भावुक कविता सुनाई।

इसके पूर्व कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सचिव सधीर कुमार कौशिक एवं संयुक्त सचिव शिव रंजन दुबे ने परिषद की जिला इकाई द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्तुत किया। परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर देवेन्द्र सिंह ने मंच में उपस्थित पेंशनर्स सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। सभा का संचालन सुधीर कुमार कौशिक सचिव ने किया, अध्यक्ष जी ने कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए इंजीनियर शोभाराम जी, इंजीनियर शंकर लाल कोरी, इंजीनियर शिवरंजन दुबे एवं इंजीनियर सुधीर कौशिक के योगदान की सराहना की। सभा में काफी संख्या में पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे।

## वनवासी छात्रावास में दी जरूरत की सामग्री

**समय जगत, झांसी।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के अध्यक्ष डाक्टर कृष्णमोहन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में वनवासी छात्रावास में जरूरत की सामग्री एवं कंचनपुर गांव में महिलाओ को साडियां, गर्म कपड़े एवं शाल के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर शाखा सदस्यों द्वारा सारमऊ वनवासी छात्रावास में बच्चों को पलंग के लिए चादरें, जूते-मोजे, ऊनी टोपे वितरित किये गये। कंचनपुर गांव में महिलाओ को साडियां, गर्म कपड़े एवं शाल वितरित की गई।-वनवासी छात्रावास में बच्चों को सामग्री वितरित किये जाने के प्रायोजक नरेंद्र - अन्नू अग्रवाल जी द्वारा सफ्लतापूर्वक कार्यक्रम को संयोजित किया गया। कंचनपुर गांव में महिलाओ को साडियां, शाल एवं गर्म कपड़ो वितरण के प्रायोजकभवानीशंकर-मोनिका अग्रवाल एवं सचेन्द्र - प्रीति चौधरी जी के द्वारा व्यवस्थित ढंग से महिलाओ को कपड़े वितरित करवाये गये।उपरोक्त पुनीत कार्य में मजू अग्रवाल, भावना सरांया, शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष नीलेश मोदी, दिनेश यादव,पूर्व अध्यक्ष हितेश शर्मा,संजय जैन,राजेश जैन, अमित सरांया, अरविंद मोदी उपस्थित रहे। शाखा सचिव अनिल कुमार तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## क्रान्तिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**समय जगत, झाँसी।** आज जिला सहकारी विकास संघ के निदेशक कुंवर लाखन सिंह अस्ता ने शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल जी, अशफाक उल्ला खां जी और रोशन सिंह जी के शहादत दिवस पर उनका स्मरण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शौर्य, निडरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण के प्रतीक इन वीरों ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि राष्ट्रप्रेम की एक छोटी सी चिंगारी महान क्रांति की शुरुआत बनती है। काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से इन वीरों ने ब्रिटिश हुकूमत को बड़ी चुनौती दी। इस दौरान श्यामसुंदर तिवारी,लोकेन्द्र सिंह,गोविंद्र प्रताप सिंह,मुकेश तिवारी अभय आदि उपस्थित रहे।

## ग्रासलैण्ड में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित



**समय जगत, झांसी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थाकन, झांसी में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन मनमोहन भटनागर, पूर्व वरि. राजभाषा अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, झॉसी के मुख्यआ आतिथ्यप एवं डा. विजय कुमार यादव, परियोजना समन्व यक (चारा फ्सलें एवं उपयोगिता) की अध्यकक्षता में हुआ। डा. विजय कुमार यादव ने अपने अध्य क्षीय उद्वबोधन में बताया कि कार्यशाला में हिंदी की समस्यां के निरकारण का अवसर सुगम होता है। वैज्ञानिक कार्य में तकनीकी सक्षमता की आवश्यबकता है। हिंदी में कार्य प्रेरणा, प्रोत्सोहन पर आधारित है। 'क' क्षेत्र में हिंदी में कार्य नियमानुसार अनिवार्य है। कार्यक्रम के प्रारम्भ् में निदेशक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, इसके पश्चात डा. सुनील कुमार, प्रभारी राजभाषा ने स्वाअगत भाषण दिया। नीरज कुमार दुबे ने हिंदी की प्रगति से अवगत कराते हुए संस्थान में आयोजित हिंदी के कार्यक्रमों की जानकारी के साथ ही राजभाषा नियम एवं प्रावधान के संबंध में बताया। कार्यशाला में श्री मनमोहन भटनागर ने अपने बताया कि यूनिकोड, धारा 3(3) के अनुपालन इत्यांदि के संबंध में महत्वंपूर्ण जानकारी प्रदान की। मनमोहन भटनागर राजभाषा कार्यान्वियन एवं पत्राचार के संबंध में व्यालख्याान दिया। कार्यक्रम के अवसर पर डा. अरूण कुमार शुक्लां, विभागाध्यनक्ष, वन चरागाह प्रबंधन विभाग, डा. अवीनेन्द्रं कुमार सिंह, विभागाध्य क्ष, बीज तकनीकी विभाग, डा. जे.बी. सिंह, प्रभारी विभागाध्य क्ष, फ्सल उत्पानदन विभाग, रवि भद्रा वरि. वित्तक एवं लेखाधिकारी एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार रजक की उपस्थिति रही। कार्यशाला में वैज्ञानिकों-तकनीकी-प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संचालन सुनील कुमार एवं आभार नीरज कुमार दुबे, सहायक मुख्यश तकनीकी अधिकारी ने किया।

## वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अमरनाथ कटियार को दी श्रद्धांजलि



**समय जगत, गुरसरांय ( झांसी )।** श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में एक शोक सभा समिति के अध्यक्ष सतीश चौरसिया एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन मानसिंह परिहार जिला संयोजक स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा किया गया !जिसमें डॉक्टर विवेक कटियार के पिताजी का डॉक्टर अमरनाथ कटियार के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। शोक सभा में डॉक्टर कटियार के जीवन चरित्र पर सभी ने विचार व्यक्त किए।

शोक सभा में बहिन गुडडी रानी पटेल. पं. रामनारायण पस्तोर , चेयरमैन जयपाल सिंह राजू चौहान,पूर्व चेयरमैन देवेश पालीवाल,मनोहर राव नेवालकार,बृज किशोर व्यास, बद्री प्रसाद त्रिपाठी,सूरज माते , विवेक बरसैंया, अखिलेश पिपरैया,अज्जू मौर्य, विनय पस्तोर, विनय पटेल, जितेंद्र पटेल, प्रसिद्ध नारायण यादव, कोठारी जी, कुलदीप कोदवलकर, श्रीराम खेर, लईक . प्रदीप कोठारी. साहब सिंह यादव. डां एल आर मिस्रा. राजेंद शर्मा, बसंत मोदी. अवधेश सिंह फौजी. रामेश्वर अग्रवाल. आत्माराम फौजी. डां अशोक मिस्रा. देवेंद्र पटेल. संतोष सिंह महते. रामदीन पटेल. जगराम सिंह अस्ता. मनोज पटेल. अब्बू दाऊ. अर्जुन सिंह शीला. रामबरन सिंह गौर. बलराम पाल आदि रहे।

## पत्रकार दीपक त्रिपाठी के दादा का निधन



**समय जगत, झांसी।** बामौर निवासी वीरेन्द्र त्रिपाठी व अरविन्द त्रिपाठी के पिताजी व वरिष्ठ पत्रकार दीपक त्रिपाठी के दादा पं. सुखदेव त्रिपाठी का लगभग 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया ।उनका अंतिम संस्कार आज बामौर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इस मौके पर आयोजित शोक सभा में ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पदार्थों के नहीं भाव के भूखे हैं भगवान : नितिन चतुर्वेदी





- जितेन्द्र पुरोहित -

**समय जगत, बरुआसागर।** नगर के मध्य श्री गुलाब बाग धाम में श्री महिला धर्म समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के 24 वें वर्ष में कथा सुनाते हुए युवराज पंडित नितिन चतुर्वेदी जी महाराज ने कथा सुनाते हुए सृष्टि के आदि पुरुष मनु सतरुपा की कथा सुनाई। मनु सतरूपा जी जिन्होंने तपस्या की और स्वयं प्रभु से संतान प्राप्ति मांगी तो उनको पांच संतानें हुई दो बेटे जिनका नाम प्रियव्रत और उत्तान पाद एवं तीन बेटियां आकूति, देवहूति ,प्रसूति के वंश का वर्णन किया। तीनों पुत्रियों के विवाह वर्णन किए। एवं तीन पुत्रियों के वंश विस्तार की चर्चा की। युवराज नितिन जी ने आगे महाराज विदुर जी के पावन प्रसंग को सुनाया की विदुर एवं विदुरानी जैसा प्रेम जब कोई कृष्ण से करता है तो स्वयं भगवान उनके घर में प्रसाद पाने पधारते हैं। मथुरा में मंत्री पद पर रहते हुए विदुर जी ने सदा न्याय एवं धर्म का साथ दिया पर जब अन्याय की बात आई तो वो पद को त्याग कर अपनी कुटिया में आए, पत्नी के साथ भजन साधना की एवं प्रभु के आने की प्रतिक्षा की और जब परमात्मा कृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन को समझाने आए तो दर्शन हेतु विदुर जी भी पधारे। भगवान के उपदेश को क्षवण किया और मन ही मन भगवान को घर आने का विचार किया भगवान श्री कृष्ण अंतर हृदय की बात जानकर विदुर जी के घर पधारे और प्रेम एवं भाव से श्री कृष्ण ने विदुरानी काकी के हाथों से केले के छिलके एवं बथुआ का साग का भोग लगाकर दुनिया के भक्तों को यह संदेश दिया कि मुझे पदार्थो की भूख नहीं है मैं तो बस भाव का भूखा हूं जो निर्मल मन से छल कपट त्याग कर मुझे बुलाता है मैं उन भक्तों के हृदय में सदा निवास करता हूं।भगवान जड़ भरत के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि यदि सच्चा गुरु मिल जाए तो उसके उपदेश को ग्रहण करने से मन का अज्ञान मिट जाता है एवं मन भगवान की भक्ति में तत्व ज्ञान में निहित हो जाता है।समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि ये मानव शरीर ही सागर है इसमें देवता एंव दानव दोनों वास करते हैं। इसमें जहर भी भरा है एंव अमृत भी भरा है जिसने संसार का जहर एवं जहरीले शब्दों का को पीना एवं सहन करना सीख लिया उसको अमृत प्राप्त होता है। संसार के मानवों द्वारा बोले गए कटु शब्द ही जहर है एवं संत गुरुओं द्वारा दिया गया उपदेश ग्रहण करना ही अमृत है।भगवान वामन के पावन चरित्र को सुनाया जिन भगवान वामन ने माता अदिति का मनोरथ पूरा करने के लिए एवं देवताओं को उनके राज्य वापस कराने हेतु बालक रूप में अवतार लिया और ये संदेश दिया कि अपने शत्रु को प्रेम से जीतना चाहिए। इस अवतार में प्रभु ने अस्त्र या शस्त्र से अपने शत्रु को नहीं जीता परंतु प्रेम से चतुराई से उसको जीता भी एवं उसे दर्शन भी दिया। अंत में उनका मनोरथ पूरा करने हेतु स्वयं भगवान उनके द्वारा पर द्वारपाल बने। इसके बाद युवराज नितिन महाराज जी द्वारा राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की पावन कथा सुनाई।रघुवंश का वर्णन करते हुए बताया कि सूर्यवंश में भगवान राम पधारे एवं चंद्र वंश में भगवान कृष्ण पधारे सूर्यवंश में अनेकों राजा हुए परंतु राम जैसा त्याग राम जैसी तपस्या राम जैसा आज्ञाकारी एवं पितृ भक्त भगवान राम ही हुए।

### राम जन्म की बधाई पर पंडाल में नाचने लगे श्रद्धालु

कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने अपने माता-पिता देवकी वासुदेव का मनोरथ पूरा किया एवं चतुर्भुज रूप में प्रकट होकर दर्शन दिए। बाद में बालक बनकर बाल लीला की कथा के पूर्व संगीतकारों ने भजन प्रस्तुत किए बैंजो पर घनश्याम जी,आरगन पर भारत जी ढोलक पर चिंटू जी पैड़ पर राजेश जी रहे। भागवत पूजन पंडित प्रवीण तिवारी द्वारा कराया गया एवं भागवत पाठ पंडित वेद मिश्रा ने किया।

कथा के यजमान अजीत श्रीमती गीता श्रीवास्तव, अशोक श्रीमती नम्रता राय, उमाशंकर श्रीमती सरिता चौरसिया,मोहनलाल श्रीमती ललिता नामदेव, रामसेवक श्रीमती कमला साहू ने पूजन एवं आरती की।इस अवसर पर नगर की गणमान्य व्यक्ति सुजीत बकना ,बालचंद राय ,रमेश चौरसिया ,गुलजारी राय, नरेंद्र राय ,मनोज राय ,महेश श्रीवास्तव , अभिषेक नामदेव, साधना नामदेव, कलावती राय, कविता साहू, रजनी,बबली तिवारी,पिंकी राय, विनीता साहू, श्रद्धा श्रीवास्तव, शालू जी आगरा, नमिता राय, शोभा नामदेव ,कमला दीक्षित, शकुंतला , अतरसिंह परिहार,पवन कुमार जैन पत्रकार प्रथम श्रीवास्तव जितेन्द्र पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

## गुरसरांय पुलिस की सक्रियता से मोटरसाइकिल गिरोह पकड़ा



**समय जगत, गुरसराय।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया झांसी सुधा सिंह व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपीनाथ सोनी द्वारा अपराध एव अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिये गये निर्देशों के अनुपालन मे राजेश कुमार राय क्षेत्राधिकारी गरौठा के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय थाना गुरसराय के कुशल पर्यवेक्षण मे 18.12.2024 को थाना गुरसरांय पुलिस के द्वारा आड़ी सड़क के पास गरौठा जाने वाली मार्ग पर स्थित राव वीर सिंह जूदेव पब्लिक स्कूल के मुख्य गेट के सामने से खेतों में जाने वाले कच्चे चक रोड पर गेट से करीब 100 मीटर आगे झाड़ियो मे वहद ग्राम भसनेह थाना गुरसरांय से 01 नफर अभियुक्त अरुण प्रताप सिंह उर्फबिड्डू पुत्र बृजपाल सिंह निवासी मु0 परकोटा नारायनपुरा कस्बा व थाना गुरसराय जनपद झांसी उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।.

(भागा हुआ) अंशु यादव पुत्र गुलाब सिंह निवासी मोहल्ला धनाई करबा व थाना गुरसराय जनपद झासी साथी जिससे 08 अदद मो0 साईकिल विभित्र कम्पनी की व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 4 अवद कारतूस 315 बोर जिन्दा बरामद हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत टहरौली किला वि.खं. गुरसरांय (झांसी)

### अल्पकालीन निविदा सूचना (सामग्री आपूर्ति हेतु)

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित कार्य जो पंचम वित्त / 15 वॉ वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत **टहरौली किला** द्वारा स्वीकृत् योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो हेतु विकास खण्ड कार्यालय में पंजीकृत फर्मों/ ठेकेदारो से निम्नलिखित विवरण के अुनसार सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों के लिये निविदा डाल सकता है।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि लाख में | धरोहर धनराशि | कार्य की अवधि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | सीसी रोड निर्माण - आशीष के मकान से लक्ष्मीनारायण के मकान तक | 181000 | 3600 | 2 माह |
| 2 | नाला निर्माण कार्य - मेहरवान के मकान से तालाब की ओर | 214000 | 4300 | 2 माह |

निविदा प्रपत्र पर ऊपर दर्शाये गये विवरण अनुसार सम्मुख धनराशि जमा करे। दिनांक 20-12-2024 से 23-12-2024 तक कार्यालय दिवस/ कार्यालय समय में क्रय किये जा सकते है। पूर्ण रूपेण निविदायें 23 -12-2024 को 3:00 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिन सायं 3 .30 बजे खोली जायेगी। धरोहर धनराशि एफडी.सी./ बैंक ड्राफट ग्राम विकास अधिकारी अथवा कार्यालय ग्राम पंचायत **टहरौली किला** के पक्ष में स्वीकार होगे किसी भी स्थिति में अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**ग्राम प्रधान - टहरौली किला** **ग्राम विकास पंचायत अधिकारी-टहरौली किला**

# कोर कमेटी के साथ गृह मंत्री शाह ने की बैठक

## भाजपा ने घोषित की 21 सदस्यीय चुनाव समिति

**नई दिल्ली।** जल्द ही भाजपा अपने प्रत्याशियों को भी चुनावी मैदान में उतारने का एलान करेगी। इसके लिए 21 सदस्यों वाली चुनाव समिति की घोषणा की गई है। जिसमें तीन विशेष आमंत्रित सदस्य हैं और एक पदेन सदस्य शामिल है। ये समिति अपने स्तर पर मजबूत दावेदारों के नाम की सूची तैयार कर आला कमान को सौंपेगी। सदस्यों की सूची में आधे दर्जन से अधिक ऐसे सदस्य भी है जो खुद मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की दावेदारी अपने विधानसभा में कर रहे है।



दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख रणनीति बनाने में जुटी है। इसी बीच चुनाव समिति का भी ऐलान किया है। बुधवार को प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी हुई। जहां विपक्षी पार्टियों की रणनीति के साथ ही मजबूत दावेदारों पर चर्चा की गई। कोर कमेटी ने दिल्ली की राजनीतिक हालात से गृह मंत्री को अवगत किया। आम आदमी पार्टी के चुनावी रणनीति और मुफ्त की योजनाओं के बारे में भी बताया। आला कमान की तरफ से दिल्ली फतह को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ने का निर्देश कोर कमेटी के सदस्यों को दिया गया। बैठक में संकल्प पत्र और भावी रणनीति पर चर्चा की गई। बुधवार को जिस चुनाव समिति की घोषणा की गई उसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद बांसुरी स्वराज, मनोज तिवारी, समेत सभी सांसद शामिल है। इस कमेटी में कांग्रेस पार्टी से भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली, मनजिंदर सिंह सिरसा सदस्य के तौर पर शामिल हैं। इनके अलावा दुष्यंत गौतम, विजेंद्र गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय शामिल हैं। खास भूमिका में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा रहेंगे।

इनके अलावा प्रदेश भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल, राजा इकबाल है। पदेन सदस्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा। चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह प्रभारी अतुल गर्ग, राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर नाम विशेष सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

भाजपा सूत्रों के अनुसार यह कमेटी उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। यह कमेटी हर विधानसभा से दो-तीन उम्मीदवारों की दावेदारी के साथ सूची तैयार करेगी। राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ इस सूची पर चर्चा होगी और मजबूत दावेदारों का सर्वे के अनुसार मिलान किया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। हालांकि इस कवायद में अभी वक्त लगेगा। इसी महीने के आखिरी सप्ताह में प्रत्याशियों की सूची आ सकती है। चुनाव समिति के अलावा पहली बार नैरेटिव कमेटी का भी गठन किया है। इसकी संयोजक बांसुरी स्वराज को बनाया गया है। यह कमेटी भाजपा के पक्ष में नैरेटिव सेट करेगी ताकि आम आदमी पार्टी के चुनावी एजेंडे को उसी के अंदाज में जवाब दे सके।

## आप व भाजपा के साथ कांग्रेस भी है सक्रिय

# बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में रोचक चुनावी मुकाबले के आसार

**नई दिल्ली।** शाहजहांनाबाद के दिल में स्थित बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र पर हर चुनाव में दिल्ली की नजरें टिक जाती हैं। मुस्लिम बहुल्य यह इलाका कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। भाजपा यहां हिंदू कार्ड खेलकर किला भेदने की कोशिश करती रही, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) की एंट्री ने कांग्रेस की सियासत को करारा झटका दिया। पिछले दो चुनावों में आप ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। इस बार क्षेत्र में त्रिकोणणिय मुकाबले के आसार हैं। बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र 1993 में अस्तित्व में आया। तब से लेकर अब तक हुए सात चुनावों में कांग्रेस ने हर बार हारून युसूफ को उम्मीदवार बनाया। इस बार भी कांग्रेस ने उन्हें मैदान में उतारा है। हारून युसूफ पांच बार लगातार इस क्षेत्र से विधायक चुने जा चुके हैं और शीला दीक्षित सरकार में मंत्री भी रहे। हालांकि, 2015 और 2020 के चुनावों में वह तीसरे स्थान पर चले गए थे। पिछले दो चुनावों में आम आदमी पार्टी ने इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा। आप उम्मीदवार इमरान हुसैन ने दोनों बार जीत दर्ज की और केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी सरकार में मंत्री बनने का अवसर भी प्राप्त किया। इस बार भी पार्टी ने इमरान हुसैन पर भरोसा जताया है। भाजपा अब तक इस क्षेत्र में जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। हालांकि, छह बार उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे हैं। वर्ष 2003 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार तीसरे स्थान पर खिसक गए थे।




# दिल्ली पर ठंड और कोहरे के कारण थमी वाहनों की रफ्तार



**नई दिल्ली।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी ने दिल्ली में ठंड बढ़ा दी है। तापमान गिरने के साथ ही कोहरे छा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज सुबह से कुछ स्थानों पर कोहरा है और शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। मौसम विभाग ने कल के लिए भी कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को सुबह के समय कोहरे ने वाहनों की रफ्तार कम कर दी। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज सुबह नजफगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, आया नगर में 5.4, लोधी रोड में 7.0, पालम में 7.4 और रिज में 7.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह दिल्ली के आनंद विहार में 478, अशोक विहार में 474, आया नगर में 388, बवाना 460, बुराड़ी 473, चांदनी चौक 386, आईटीओ 474, नेरेला 445, आरकेपुरम में 4456 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम के साथ 7.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# एसिड अटैक पीड़ितों को मिलेगा फंड, 10 करोड़ की धनराशि जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एसिड अटैक के पीड़ितों के लिए अवलंबन निधि योजना, 2024 के क्रियान्वयन का आदेश दिया है। वे राष्ट्रीय राजधानी के निवासी हैं या जिनके खिलाफ अपराध यहां किया गया है, चाहे उनका पता कुछ भी हो। अदालत ने हाल ही में दिए फैसले में कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा तैयार की गई इस योजना में एसिड अटैक के पीड़ितों के पुनर्वास और अन्य सहायक खर्चों को पूरा करने के लिए 10 करोड़ रुपये की स्थायी निधि होगी और इसका संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) द्वारा किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए एक अलग खाता खोलेंगे, जिसके बाद इस न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल आसरा कोष में पड़े धन को अवलंबन निधि योजना, 2024 के तहत नए खोले गए खाते में स्थानांतरित करेंगे। अदालत ने कहा इसके अतिरिक्त, इस न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय के आदेशों के तहत लगाया गया जुर्माना और लागत जिसे योजना के तहत जमा करने का निर्देश दिया गया है, वह भी कोष में जुड़ जाएगा। अदालत एक पॉक्सो मामले में एक आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका पर विचार कर रहा थी। हालांकि पिछले महीने एकल न्यायाधीश ने याचिका का निपटारा कर दिया था, लेकिन यह मामला खंडपीठ के समक्ष रखा गया था, क्योंकि यह आरोप लगाया गया था कि दुष्कर्म के साथ नाबालिग पीड़िता को जबरन टॉयलेट क्लीनर पिलाया गया था।

## वायु प्रदूषण के चलते लिया गया निर्णय

# गुरुग्राम और फरीदाबाद में हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

**गुरुग्राम।** वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के कारण हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने गुरुग्राम और फरीदाबाद के सभी स्कूलों को नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक की कक्षाएं तत्काल प्रभाव से हाइब्रिड मोड आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक ने गुरुग्राम और फरीदाबाद के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए एक नया निर्देश जारी किया है।



आदेश के अनुसार, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक की कक्षाएं तत्काल प्रभाव से हाइब्रिड मोड (फिजिकल और ऑनलाइन दोनों) में संचालित की जाएंगी। आधिकारिक आदेश में कहा गया है, राज्य के फरीदाबाद और गुरुग्राम जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे कक्षा 9वीं और 11वीं तक के बच्चों के लिए स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करें, यानी भौतिक और ऑनलाइन दोनों मोड में (जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो) तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक। यह कदम हरियाणा के गुरुग्राम में वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किए जाने के बाद उठाया गया है। जीआरएपी 4 आदेश के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों के कार्यालय समय में बदलाव, निजी संस्थानों में घर से काम, स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं, निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर रोक सहित कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। ग्रैप 4 के प्रतिबंधों के अनुपालन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं को छोड़कर सभी विद्यालयों में हाईब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। आदेश में कहा गया है, जीआरएपी 4 के प्रतिबंधों के तहत जिले में राजमार्गों और फ्लाईओवरों सहित सार्वजनिक और निजी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। खुले में कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध रहेगा, पॉलीथिन और प्रदूषणकारी पदार्थों के उपयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। डीसी की ओर से जारी आदेशों के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी सुबह 9ः30 बजे कार्यालय आएंगे और शाम 5ः30 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे। सभी नगर निकायों में यह समय सुबह 8ः30 बजे से शाम 4ः30 बजे तक रहेगा। डीसी ने सभी निजी संस्थानों को अगले आदेश तक घर से ही काम करने की एडवाइजरी जारी की है। ग्रैप 4 के प्रतिबंधों के अनुपालन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं को छोड़कर सभी विद्यालयों में हाईब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए।

# फार्मासिस्ट आज सीएमओ कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन 20 दिसंबर को सीएमओ कार्यालय पर धरना देंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा व सचिव संजय कुमार शर्मा ने बताया कि कई वर्षो बाद भी संवर्ग की लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा सका है। इसे लेकर डिप्लोमा फार्मेसी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। 20 दिसंबर को धरना देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जिले के सांसद व विधायकों को ज्ञापन दिया जाएगा। तीन जनवरी 2025 को मंडल मुख्यालय पर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के कार्यालय पर एकदिवसीय धरना, 31 जनवरी 2025 को प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ पर धरना एवं आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

# निःशुल्क आयुर्वेदिक क्लीनिक की हुई शुरूआत

**इंदिरापुरम।** शिप्रा सनसिटी में निशुल्क आयुर्वेदिक क्लीनिक की शुरूआत हुई है। यह क्लिनिक हर शनिवार सुबह 10 बजे से 2 बजे तक चलेगी। दिल्ली तिबिया कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ बीएन सिन्हा के नेतृत्व में इस क्लीनिक की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि क्लीनिक शिप्रा सनसिटी में मालश्री रोड पर है। डॉक्टरों की टीम में डॉ स्वाति त्यागी, डॉ मनीषा शर्मा और डॉ कविता शर्मा शामिल हैं।

# यमुना एक्सप्रेसवे में वाहनों की रफ्तार पर फरवरी तक लगा लगाम

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए कोहरे के दिनों से पहले यमुना एक्सप्रेसवे पर कारों और अन्य वाहनों की स्पीड लिमिट (गति सीमा) में संशोधन किया गया है। एक्सप्रेसवे पर टोल संग्रह के लिए जिम्मेदार एजेंसी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश में दिल्ली और आगरा को जोड़ने वाले 165 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर गति सीमा में बदलाव किया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी गति सीमा कम कर दी गई है। दोनों एक्सप्रेसवे पर नई गति सीमा अगले साल 15 फरवरी तक लागू रहेगी। 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सर्दियों के महीनों में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं। घने कोहरे के कारण इस चरण के दौरान इन दोनों एक्सप्रेसवे पर विजिबिलिटी (दृश्यता) कम हो जाती है। इन एक्सप्रेसवे पर अगले तीन महीनों में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। एजेंसी ने दृश्यता में सुधार के लिए नए साइनेज और फॉग लाइट लगाए हैं। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एम्बुलेंस, क्रेन और फायर टेंडर भी तैनात किए गए हैं। नोएडा ट्रैफिक पुलिस इस चरण के दौरान वाहनों की गति सीमा की निगरानी के लिए गश्त भी सुनिश्चित करेगी। संशोधित गति सीमा यमुना एक्सप्रेसवे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए एक वार्षिक कार्य योजना का हिस्सा है।




दोनों एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किमी प्रति घंटा और भारी और वाणिज्यिक वाहनों के लिए 60 किमी प्रति घंटा है। लेकिन इसे संशोधित कर गति सीमा को कारों के लिए 75 किमी प्रति घंटा कर दिया गया है। जबकि ट्रकों और बसों को 50 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से नहीं चलना होगा यमुना एक्सप्रेसवे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर नई गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों को भारी ट्रैफिक जुर्माना देना होगा। नोएडा पुलिस ओवरस्पीडिंग वाहनों की जांच के लिए एक्सप्रेसवे पर स्पीड मॉनिटर लगाएगी। अगले तीन महीनों में संशोधित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले कारों और दोपहिया वाहनों को 2,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। ट्रकों और बसों के लिए, ट्रैफिक जुर्माने की राशि दोगुनी यानी 4,000 रुपये है।

# बच्चों के विवाद में दो परिवारों में हुई मारपीट

**गेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी-2 एक बच्चे के झगड़े को लेकर दो परिवारों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई हो गई। महिला ने एक बच्चे के थप्पड़ मार दिया। इसके बाद बच्चे की मां ने इसका विरोध किया तो महिला ने उसे थप्पड़ मारा और गाली-गलौज की। गौर सिटी-2 के ओसाल्टी पार्क में एक बच्चे के झगड़े को लेकर दो परिवारों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई हो गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि पत्नी छह वर्षीय बेटे को बस स्टॉप के पास स्थित ओसाल्टी पार्क में लेकर गई थी। इसी दौरान बेटे का किसी अन्य बच्चे से झगड़ा हो गया। एक बच्चे की मां ने उनके बेटे को अपशब्द कहे और पत्नी के साथ गाली-गलौज एवं हाथापाई की, जब वह मौके पर पहुंचे तो महिला ने उनसे भी गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। इससे पत्नी और बच्चे को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक महिला गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करती हुई दिखाई दे रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिसरख थाना थाना पुलिस का कहना है कि गौर सिटी-2 में दो बच्चों के बीच में विवाद हुआ था, जिसको लेकर दोनों बच्चों की मां के बीच में विवाद हुआ। इस पर बच्चे की मां की तहरीर पर आरोपी महिला के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है।

## लेकिन जमीन पर मिले सिर्फ 43, चार हफ्ते में मांगा जवाब

# दिल्ली में आसमान से दिखे 322 जल निकाय

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सैटेलाइट तस्वीरों से देखने पर 322 जगहों पर जल निकाय दिखते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में केवल 43 जल निकाय मौजूद हैं। ऐसी ही एक अजीबोगरीब सच्चाई राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को मिली है। दिल्ली आर्द्र भूमि प्राधिकरण ने अदालत के सामने दिल्ली के जल निकायों से जुड़ी जमीनी पड़ताल पर आधारित एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट भू-स्थानिक दिल्ली लिमिटेड (जीएसडीएल) की सैटेलाइट इमेज के आधार पर तैयार की गई है। इसमें दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने अदालत से जीएसडीएल की तरफ से 322 जल निकायों और जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति को लेकर पूरी रिपोर्ट पेश करने के लिए समय देने की मांग की। दिल्ली सरकार के अनुसार, दिल्ली में झील, तालाब और



जोहड़ (रिसाव तालाब) समेत 1,367 जल निकाय हैं। यह संख्या सैटेलाइट इमेजरी पर आधारित है। दूसरी ओर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज 1,045 से अधिक जल निकाय है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने दलीलों पर गौर करने के बाद डीपीसीसी समेत अन्य विभागों को मामले में चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2025 के लिए टाल दी। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। अधिकरण ने पक्षों के वकीलों को यह भी पता लगाने और सूचित करने का निर्देश दिया कि क्या उपरोक्त रिट याचिका अभी भी उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। साथ ही, क्या मौजूदा समय में भी हाईकोर्ट दिल्ली में जल निकायों के संरक्षण, संरक्षण और कायाकल्प के मुद्दे की जांच कर रहा है। अधिकरण ने कहा, 10 दिसंबर 2024 को सीपीसीबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि विषय वस्तु स्थानीय निकायों और राज्य विशिष्ट एजेंसियों जैसे डीपीसीसी, दिल्ली वेटलैंड अथॉरिटी और जीएसडीएल के अधिकार क्षेत्र में आती है, जबकि जल अधिनियम 1974 के तहत सीपीसीबी की भूमिका जल निकायों की पवित्रता को बहाल करना और बनाए रखना है। मामले में एनजीटी ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया था। पिछले आदेश में अदालत ने दिल्ली सरकार को शेष 1023 जल निकायों की भू-सत्यापन के लिए जियो-टैगिंग और जियो-रेफरेंसिंग का कार्य 15 मई 2024 तक पूरा करने का आदेश दिया था।

# सूदखोरों से परेशान दंपति ने की आत्महत्या

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में कारोबारी पंकज गुप्ता (51) और उनकी पत्नी रीना (50) ने फ्लैट के अंदर खुदकुशी कर ली। पड़ोस में ही माता-पिता के साथ रहने वाले पंकज के भाई राजकुमार गत रात्रि रात साढ़े दस बजे उनसे मिलने पहुंचे तो इसकी जानकारी मिली। पुलिस को मौके पर एक पेज का सुसाइड नोट मिला। इसमें पंकज ने लिखा है, 50 लाख का कर्ज हो गया है, सूदखोर परेशान कर रहे हैं, अब कोई और रास्ता नहीं बचा है।




पंकज के पिता मुकुट लाल और माता उनके फ्लैट से थोड़ी दूर शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में ही रहते हैं। पंकज और रीना सुबह को 12 साल के मानसिक दिव्यांग बेटे को वहां छोड़ जाते थे। इसके बाद पंकज कारोबार पर और रीना ड्यूटी पर चली जाती थीं। परिवार की आर्थिक हालत खराब होने पर वह एक मॉल में नौकरी करने लगी थीं। राजकुमार ने बताया कि भैया और भाभी अपने बेटे को मंगलवार को भी माता-पिता के पास छोड़ गए थे। शाम को उसे लेने नहीं आए तो चिंता हुई। भैया का फोन नहीं मिल रहा था। इसलिए, वह उनके फ्लैट पर चले गए। फ्लैट का गेट अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी कोई गेट खोलने नहीं आया तो उन्हें हाथ देकर अंदर से इसे खोला। अंदर जाते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बरामदे में पंखे से लगे फंदे से भैया का शव लटका था। अंदर गए थो कमरे में भाभी का शव भी फंदे से लटका था। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सुसाइड नोट में पंकज ने लिखा है कि 50 लाख का कर्ज हो गया है। वह उसे चुका नहीं पा रहे हैं। खुदकुशी के सिवाय कोई और चारा नहीं बचा है। एसीपी ने बताया कि जांच के आधार पर दंपित को खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाले लागों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। तहरीर दरोगा ने दी आरोपियों में छोटे, श्याम सिंह, धर्यनेगी, रजत तोमर, हरेंद्र, मीनू पंकज और प्रभात कुमार हैं।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार खत्म करने को उठाएं परिणमदायक कदम

देश में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है। वैश्विक स्तर पर राजनीतिक भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देने के लिए दुनियाँ की न्यायपालिकाएं अब कमर कर चुकी है । फ्रांस की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार और प्रभाव के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराते हुए उनकी एक साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ऑफ कसेशन ने इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया, सजा और दोष अब अंतिम हैं। भारत में कुछ महीनों से नए भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में झंडे गाड़ रहे भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था इत्यादि अनेक मिशन को लेकर खूब चर्चाएं हो रही है। टीवी चैनलों पर डिबेट हो रहे हैं जो इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। और हो भी क्यों ना क्योंकि यह विज़न हमारे पीएम का ड्रीम विज़न है। हम अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज़न 2047 का जिक्र सुनते हैं, जो हमारे देश के स्वतंत्रत भारत का 100 वाँ साल होगा और हमारे उपरोक्त सभी विज़न का एक डेडलाइन निर्धारित साल है । जो विकास की योजनाएं चलती है उसमें एक छोटी टेबल से लेकर अंतिम मुख्य टेबल तक का रोल होता है। एक आम आदमी का काम भी एक छोटी टेबल से लेकर मुख्य टेबल तक होता है। परंतु इस बीच में भ्रष्टाचार का दीमक मलाई को चट कर जाता है जिसका दुष्परिणाम आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है,पूरा बोझ इमानदार टैक्सपेयर पर पड़ता है। ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन, जिसमें कॉरपोरेट टैक्स,पर्सनल इनकम टैक्स और एसटीटी शामिल हैं, 19.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है,यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 20.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 1 अप्रैल से 17 दिसंबर, 2024 के बीच कुल 3.39 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं,इसे कायम रखने के लिए इस भ्रष्टाचार रूपी दीमक को प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों की मुख्य सहभागिता रूपी दवाई से मिटाने में आसानी होगी। हमारे कुछ टेबल वाले अपवाद साथियों को भी सोचना होगा कि, भ्रष्टाचार के नशीले अहसास में रास्ते गलत पकड़ लिये और इसीलिये भ्रष्टाचार की भीड़ में हमारे साथ गलत साथी, संस्कार, सलाह, सहयोग जुड़ते गये। जब सभी कुछ गलत हो तो भला उसका जोड़, बाकी, गुणा या भाग का फल सही कैसे आएगा? तभी भ्रष्टाचार से एक बेहतर हमें अपने परिवार की दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा हो रही है,ऐसे में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिये परिणामदायक कदम उठाया जाना आवश्यक है।

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है एक देश एक चुनाव में

**आरके सिन्हा**

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में एक देश-एक चुनाव का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफ़ी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि एक देश, एक चुनाव से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

एक देश-एक चुनाव के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# निस्तेज विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलेगा?

## नजरिया

**विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं। बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए?**

**ललित गर्ग**

विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस



विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां ! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है। राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही? डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

# कैंसर के खिलाफ जंग में जगी उम्मीदें

**डॉ. संजय वर्मा**

करीब दो साल से यूक्रेन से युद्ध में उलझे रूस से यह खबर मिलना हर किसी को विस्मित कर सकता है कि उसने कैंसर जैसे गंभीर मर्ज के खिलाफ एक टीका (वैक्सीन) विकसित कर लिया है। इसका ऐलान खुद रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर ने किया है। रूस के सरकारी मीडिया से मिली इस खबर के आरपार जाएं, तो सवाल उठ सकता है कि आखिर यह टीका कितना असरदार है। इसकी असली परीक्षा तभी होगी, जब बाकी दुनिया को इसके परीक्षण का मौका मिलेगा। लेकिन फिलहाल के दावे के मुताबिक वर्ष 2025 से यह टीका सभी रूसी नागरिकों के लिए मुफ्त में उपलब्ध हो जाएगा। यह देखते हुए कि भारत समेत पूरी दुनिया को लंबे अरसे तक तकरीबन लाइलाज मानी जाती रही और फिर काफी जटिल चिकित्सा के सहारे कुछ हद तक इससे मुक्ति मिलने लगी है, यहां पहला सवाल टीके की विश्वसनीयता का ही उठ सकता है। एक तरफ जहां हमारे देश में पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू हाल में अपनी पत्नी का भोजन बदलकर प्रभावी आयुर्वेदिक इलाज का दावा कर चुके हैं, लोग पूछ सकते हैं कि क्या रूसी टीका इतना भरोसेमंद होगा कि अगर वह यहां उपलब्ध हुआ, तो आंख मूंदकर लगवा लिया जाए।

इस संदर्भ में एक उदाहरण देना प्रासंगिक होगा। कोविड-19 महामारी के तेज वैश्विक प्रसार के दौरान रूस ने वैक्सीन-स्पुतनिक वी का निर्माण किया था, तो खुद सबसे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह टीका लगवाया था। हो सकता है कि इस बार भी पुतिन कुछ ऐसा ही करिश्मा करें और तब दुनिया इस पर यकीन करने लगे कि असाध्य कहलाने की श्रेणी में आने वाली कैंसर नामक बीमारी का आसान तोड़ आखिरकार मिल ही गया है। वैसे यहां उल्लेखनीय यह है कि एक शोध समाचार वेबसाइट- 'द साइंटिस्ट' के मुताबिक करीब डेढ़ दशक पहले न्यूयॉर्क स्थित एक बायोटेक कंपनी ने अप्रैल, 2008 में घोषणा कर दी थी कि उसे रूस में पहली चिकित्सकीय कैंसर वैक्सीन बनाने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसे किसी देश के कैंसर रोकथाम नियामक द्वारा दी गई पहली मंजूरी माना गया था। हालांकि, बाद के दो दशकीय अंतराल में यह नहीं पता चला कि कैंसर टीके के विकास के काम का क्या हुआ। लेकिन इसी साल फरवरी, 2024 में मॉस्को फोरम ऑन फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रोग्राम के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आश्वासन दिया था कि उनके वैज्ञानिक जल्दी ही दुनिया को कैंसर का टीका उपलब्ध करा देंगे। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टीके रूस के बाहर कब से मिलेंगे और कैंसर के किन प्रकारों की रोकथाम करेंगे। जहां तक इस टीके के निर्माण की प्रक्रिया (बनावट) की बात है, तो यह एमआरएनए (यह एक



अणु है जो डीएनए से विशिष्ट निर्देश प्राप्त करता है) किस्म की वैक्सीन है। असल में, इस किस्म के पारंपरिक टीके बनाने में बीमारी की रोकथाम के लिए उसी वायरस या मर्ज के रोगाणुओं का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे खुद वह बीमारी पैदा होती है। अंतर सिर्फ यह है कि ऐसा करते वक्त कैंसर कोशिकाओं की सतह से उन हानिरहित प्रोटीन को उठाकर अलग किया जाता है, जिन्हें एंटीजन के रूप में जाना जाता है। ये एंटीजन टीके के निर्माण की प्रक्रिया में चिकित्सकीय परीक्षण (क्लिनिकल ट्रायल) के दौरान इंसानी शरीर में प्रविष्ट कराए जाते हैं और तब इनके सहारे बीमारी के खिलाफ कारगर एंटीबॉडी विकसित करने हेतु शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित किया जाता है। एमआरएनए टीके में संदेशवाहक की भूमिका में आए आरएनए के एक छोटे टुकड़े का उपयोग किया जाता है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को कैंसर कोशिकाओं से संबंधित एक विशिष्ट प्रोटीन का उत्पादन करने का निर्देश मिलता है। याद रहे कि कोविड महामारी से लड़ने के लिए इस्तेमाल में लाई गई वैक्सीन कोविशील्ड इसी किस्म का टीका था।

वैसे, कैंसर से बचाव और रोकथाम की दिशा में टीका बनाने की कोशिश करने वाले देश के रूप में रूस अकेला नहीं है। ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई अन्य देशों में बायोटेक कंपनियां कैंसर के खिलाफ कारगर दवाएं और टीके विकसित करने में जी-जान से लगी हुई हैं। जैसे ब्रिटिश सरकार जर्मनी की मशहूर फार्मा कंपनी बायोनटेक के साथ मिलकर कैंसर के उपचार के लिए वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल कर रही है। उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक करीब 10 हजार कैंसर मरीज लाभान्वित हो सकते हैं। उधर अमेरिका की मॉडर्ना और मर्क फार्मा कंपनी त्वचा कैंसर की एक प्रायोगिक वैक्सीन पर काम कर रही हैं, जिसके शुरुआती नतीजे सकारात्मक बताए जा रहे हैं। अध्ययन से जुड़े दावों के मुताबिक इस टीके ने तीन साल के इलाज के बाद त्वचा कैंसर के एक घातक रूप मेलेनोमा के कारण होने वाली मौतों की आशंका को घटाकर आधा कर दिया है। इन टीकों के अलावा छह अन्य कैंसर टीकों पर भी काम चल रहा है जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) की रोकथाम कर सकते हैं। ये टीके वायरस सर्विकल (गर्भाशय) कैंसर समेत कुछ अन्य प्रकार के कैंसर रोगों से बचाव कर सकते हैं। एक और उदाहरण कैंसर की एओएच1996 नामक दवा के मानव परीक्षण (इंसानी ट्रायल) का है, जो पिछले साल सितंबर, 2023 से अमेरिका में शुरू किया गया है। इस दवा का नाम 1996 में जन्मी लड़की आना ओलिविया हीली से प्रेरित है, जिसे न्यूरोब्लास्टोमा नाम का बच्चों को होने वाला कैंसर था और इसी से 2005 में नौ साल की उम्र में उसकी मौत हो गई थी। पेट, छाती और गले की हड्डियों में होने वाले कैंसर से बचाव और रोकथाम में मददगार इस दवा का नाम ओलिविया को श्रद्धांजलि के रूप में रखा गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह दवा शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना ही कैंसर के ट्यूमर को जड़ से खत्म कर सकती है।

कैंसर के खिलाफ रूसी टीके को भारत में बड़ी आस से देखने की बड़ी वजह इस देश का कैंसर की राजधानी बनते जाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमानों के अनुसार, भारत में प्रत्येक 10 भारतीयों में से 1 को अपने पूरे जीवनकाल में कैंसर विकसित होने की आशंका है, जो एक गंभीर बात है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम का आकलन बताता है कि वर्ष 2022 में भारत में कैंसर के मामलों की संख्या 14 लाख से अधिक थी, जिसके अब जल्द ही वर्ष 2025 में बढ़कर 15.7 लाख हो जाने की आशंका है। वर्ष 2022 में कैंसर के जो नए मामले सामने आए थे, उनमें से 7.22 लाख महिलाओं में जबकि 6.91 लाख पुरुषों में कोई न कोई कैंसर पाया गया। भारत में 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई। ये आंकड़े भारत में कैंसर रोग की वैश्विक राजधानी साबित करते हैं। स्वास्थ्य जर्नल द लैंसेट के शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल तंबाकू के सेवन से भारत, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, रूस, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में ही 13 लाख मौतें हो रही हैं।

# तो आईआईटी तक कैसे पहुंचेंगे विद्यार्थी

**मुस्ताअली बोहरा**

पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब लेकिन जनाब हमारे देश में तो स्कूल बढ़ने की बजाए घट रहे हैं। ये भी दिलचस्प बात है कि केन्द्र सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए आईआईटी, आईआईआईटी और आईआईएम जैसे नए संस्थान खोले हैं लेकिन जब तक स्कूली शिक्षा ही पूरी नहीं होगी तो विद्यार्थी यहां तक पहुंचेंगे कैसे। पिछले एक दशक में देश में जितना कर्ज बढ़ा उसके मुकाबले उतना विकास नहीं हुआ। हां, कभी गौ तस्करी तो कभी लव जेहाद या फिर मंदिर के नीचे मस्जिद ढूंढने में कतिपय लोगों की उर्जा जरूर खर्च हुई। लोग सरकार से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी और जरूरी सहुलियतों की अपेक्षा करते हैं और ये सहुलियतें उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी भी है फिर चाहे सरकार किसी भी पार्टी की ही क्यों ना हो। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में बतौर मुख्यमंत्री काम किया था उससे उनके प्रति अपेक्षाएं भी ज्यादा थी और यही वजह थी कि लोगों ने देश की बागडोर उनके हाथों में सौंपी। अब, एक लंबा समय गुजर चुका है और यही वजह है कि मोदी सरकार ने किस क्षेत्र में कितना काम किया इसकी चर्चा होने लगी है। जहां तक शिक्षा का सवाल है तो मोदी सरकार में शिक्षा का बजट तो बढ़ा है लेकिन उतना नहीं जितनी उम्मीद थी। पिछले एक दशक में शिक्षा पर खर्च 30 हजार करोड़ रूपये बढ़ा है। हैरत की बात तो ये है कि देश में स्कूल बढ़ने की बजाए कम हो गए हैं। मोदी सरकार के पहले देश में 15 लाख 18 हजार स्कूल थे जो घटकर 14 लाख 89 हजार हो गए। देश में अभी भी करीब तीस प्रतिशत महिलाएं और 15 प्रतिशत पुरूष अनपढ़ है। दस में से 6 लड़कियां दसवीं से ज्यादा नहीं पढ़ पा रही हैं। वहीं दस से पांच पुरूष ऐसे हैं जो दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ रहे हैं। स्कूली शिक्षा में भले ही सुधार नहीं हुआ हो लेकिन हायर एजुकेशन में थोड़ा सुधार हुआ है। विश्विद्यालयों की तादाद 11 सौ से ज्यादा हो गई है। इधर, जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब शुरूआती आठ सालों में 202 केन्द्रीय विद्यालय थे जबकि मोदी के कार्यकाल में आठ सालों में 159 केवी ही बनाए गए। अप्रैल 2022 तक कुल 1249 केन्द्रीय विद्यालय थे। 2014-15 से 2021-22 के बीच मोदी के कार्यकाल में 159 केवी बनाए गए यानि तब हर साल 20 स्कूल शुरू हुए। दूसरी तरफ, 2004-05 से 2011-12 तक मनमोहन कार्यकाल के शुरूआती आठ साल में 202 स्कूल शुरू हुए यानि हर साल 25 से ज्यादा स्कूल शुरू हुए। हालांकि, हाल ही में मोदी सरकार ने नए केवी खोलने को लेकर मंजूरी दी है। यहां ये बताना लाजमी होगा कि केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए केन्द्र सरकार ने सांसद कोटा खत्म कर दिया है। इस कोटे के जरिए हर सांसद केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 10 नामों की सिफारिश कर सकते थे। मार्च 2022 में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में ये मसला उठाया था। उन्होंने या तो कोटा बढ़ाने या खत्म करने की बात कही थी और सरकार ने इस कोटे को खत्म करने का फैसला लिया था। भले ही स्कूली शिक्षा की ओर सरकार का ध्यान कम हो लेकिन उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद से उच्च शिक्षा के नए संस्थान स्थापित किए गए हैं जिनमें 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय शामिल हैं। अहम सवाल ये है कि जब तक गरीब और मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों की स्कूली शिक्षा पूरी नहीं हो पाएगी तो विद्यार्थी इन उच्च शिक्षा संस्थानों तक कैसे पहुंच पाएंगे। जहां तक आर्थिक मोर्चे का सवाल है तो पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी, नोटबंदी और आधे-अधूरे तरीके से गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) व्यवस्था लागू करने जैसे आरोप विपक्ष लगाता रहा है। वहीं भाजपा का कहना है कि कांग्रेस राज में टेलीकॉम और कोयला घोटाले सहित कई घोटाले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से गुजर रही थी तब भी मोदी सरकार ने न सिर्फ दुनिया के दूसरे देशों की भी मदद की बल्कि भारत की अर्थ व्यवस्था को थामें रखा।

# भीषण ठंड में देर रात गली-गली घूमकर असहाय व्यक्तियों को सहारा दे रहे डीएम

**- शीतलहर से बचाव हेतु जनपद में खुलवाए 14 शेल्टर होम, सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अलाव**

**- यात्रियों व राहगीरों के ठहरने हेतु 100 बिस्तर वाला सर्वसुविधायुक्त शेल्टर होम भी तैयार**



**समय जगत, ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी इस भीषण ठंड में अपनी टीम के साथ रात को गली-गली में घूम कर गरीबों और असहयों, जिनके पास रात गुजारने का कोई इंतजाम नहीं हैं, उन्हें जनपद में स्थापित शेल्टर होम्स में भेजकर उनकी मदद कर रहे हैं। नवंबर और दिसंबर कि इस भीषण सर्दी में जहां दिनभर के कामकाज के बाद हर कोई अपने घरों में आराम कर रहा होता है। वहीं ललितपुर में जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी देर रात शहर की सड़कों पर निकलते हैं, और गली-गली में घूम कर यह सुनिश्चित करते हैं कि कहीं कोई गरीब और असहाय व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर तो नहीं। और अगर ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे खुद अपने वाहन में बिठाकर आश्रय स्थल में छोडने़ जाते हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हैं कि रेंडम आधार पर गली-गली घूम कर ऐसे व्यक्तियों की मदद करें। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जनपद के स्वयं सहायता समूहों से भी अपील की है कि उन्हें ऐसा कोई असहाय व्यक्ति मिलता है तो उसे निकट के शेल्टर होम तक पहुंचा दें। इसके अलावा प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि चिकित्सालय में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को यदि रुकने में कोई समस्या होती है तो उन्हें भी इन शेल्टर होम में भेज दें। इसकी निगरानी के लिए उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद नासिर को नामित किया है। जिलाधिकारी ने रोज की तरह विगत रात्रि शहर में भ्रमण किया और ठंड से बचाव के इंतजाम देखें, इस दौरान उन्होंने जहांगीरों से बात की और उन्हें शीत लहर से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि शीतलहर से बचाव हेतु नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं विकासखंड स्तर पर बेहतर प्रबंधन, व्यवस्थाओं के सुद्रणीकरण एवं आश्रय स्थलों का चिन्हांकन कर अलाव जलवाने जाएं। गरीब,असहाय, निर्बल व वृद्ध व्यक्तियों को शीतलहर बचाव हेतु जागरूक करें व रेनबेसरों को यात्रियों व राहगीरों के ठहरने हेतु तैयार रखें। असहाय व्यक्तियों को शीतलहर से बचाने के लिए जिलाधिकारी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 14 शेल्टर होम खुलवा दिए, जिनमे महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं।

इन रेन बसेरों में पर्याप्त बेड, रजाई-गद्दे, अलाव सहित बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। साथ ही डूडा विभाग से 100 बिस्तर वाला शेल्टर होम डाइट के सामने बनवाया गया है, इस शेल्टर होम में गद्दा, कंबल, बेडशीट एवं तकिया सहित किचन बाथरूम आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध है इसके लिए केवल एक फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि शीतलहर से बचाव हेतु रेडियो सुने, टीवी देखें, रात्रीय मौसम पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें और शीतलहर से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का अनुपालन करें। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर चंद्रभूषण प्रताप, अपर एसडीएम मो.नासिर, क्षेत्राधिकार सदर अभय नारायण राय, ईओ दिनेश कुमार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सदर चौकी पुलिस ने पकड़े दो जुआरी

**ललितपुर।** सदर चौकी इंचार्ज अनुराग शर्मा अपने हमराह कां.अमित राजपूत के साथ सदर कांटा क्षेत्र में गश्त करते हुये पहुंचे। यहां मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि पुरानी तहसील के पीछे लगी स्ट्रीट लाइट के नीचे दो व्यक्ति आपस में ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर टोह ली। पुलिस ने सूचना पुख्ता होने पर दविश देकर दोनों जुआरियों को धर दबोचा। पकड़े गये जुआरियों में जैन मंदिर के सामने रावरपुरा निवासी राज जैन पुत्र रविन्द्र जैन व नझाई बाजार निवासी जशराज लश्कार पुत्र राकेश कुमार बताया गया।

# स्वच्छता रहने से घरों में नहीं आते चूहे छिपकली व सांप : प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा

## चूहे खाने की तलाश में घरों में आते है सांप

**समय जगत , झाँसी।** सर्प शिक्षा अभियान के अंतर्गत सर्पदंश मृत्यु विहीन उत्तर प्रदेश के तहत बुधवार को मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेज, कोछाभंवर, झांसी में सर्पदंश जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा पूर्व कुलपति महर्षि दयानंद वि.वि. अजमेर के मार्गदर्शन में सपंन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सर्प शिक्षक डॉ.अनिल बाबू असिस्टेंट प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी एवं सर्प शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर ने बताया कि भारत में लगभग 350 प्रकार की प्रजातियों के सर्प पाए जाते है। इनमें से केवल चार सर्प प्रजाति कोबरा, क्रेट, रसल वाइपर और सॉ स्केल्ड वाइपर सबसे ज्यादा विषैले होते हैं इसके बाद कुछ कम विषैले और बाकी के सभी सर्प विषहीन होते हैं। आज जन जागरूकता के अभाव के कारण ग्रामीण भारत में अधिकांशतः प्रतिवर्ष लग भग पचास हज़ार लोगों की सर्प दंश से मृत्यु होती है। इनमें खेतिहर किसान, चरवाहे, मजदूर एवं अन्य लोग सम्मिलित है। उत्तर प्रदेश को सर्प दंश मृत्यु विहीन बनाने हेतु सर्प शिक्षा अभियान द्वारा लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ बाबू ने बताया कि अभी हाल में एक जन हित याचिका पर प्रसंज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देशित किया कि सभी राज्य एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिचित करे जिससे किसी भी व्यक्ति की दवा की अनुपलब्धता के कारण सर्पदंश से मृत्यु नहीं हो । ब्रिटिश काल से आज तक सर्पदंश मृत्यु को निगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिसीज की श्रेणी में रखा गया था किन्तु अभी हाल में ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने सर्प दंश मृत्यु को अब नोटिफिएबल ट्रॉपिकल डिसीज श्रेणी में रखने के निर्देश राज्य सरकारों को दिये है इसका प्रभाव सर्पदंश मृत्यु की दरों में निश्चित रूप से कमी लाएगा । आंकड़ों के अनुसार स्वतन्त्रता से लेकर आज तक भारत मे लगभग 37 लाख लोगो की सर्प दंश से मृत्यु हो चुकी है।

इन आंकड़ों को कम करने हेतु एक मात्र जरिया भारत के लोगों में विशेष रूप से ग्रामीण स्तर पर सर्प शिक्षा अभियान द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. बाबू ने बताया कि सर्प दंश के बाद पीड़ित व्यक्ति को तुरंत सरकारी चिकित्सालय में इलाज के लिए लें जाना चाहिए । इससे पीड़ित व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छ भारत अभियान चलाया इस स्वच्छता का अप्रत्यक्ष संबंध सर्प दंश के आंकड़ों को कम करने से भी है। यदि हमारे आस-पास और घरों में स्वच्छता रहेगी तो चूहे, छिपकली एवं अन्य जीव नहीं आयेगें चूंकि सर्प चूहे खाने की तलाश में घरों में आते है जिससे सर्प दंश की घटनाएं होती है। इसलिए घर की साफसफाई रखे, रात को सोने से पहले बिस्तर झाड़कर उपयोग में लाए और जहां सर्प मिलने की सम्भावना ज्यादा हो वंहा जमीन पर नहीं सोए।

यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश होता है तो प्राथमिक उपचार के तहत सर्पदंश की जगह डेटॉल या एंटीसेप्टिक की बूंदे डाल देनी चाहिए, सर्प दंश स्थान पर मालिश या रगड़ नहीं करें । और जिस जगह पर सर्प दंश हुआ है उस स्थान को बिना हिलाए डुलाए प्रेसर इमोबिलाइजेशन तकनीकी जो इंटरनेट पर उपलब्ध है का प्रयोग करे। रस्सी, डोरी से कसकर नहीं बांधे, चीरा नहीं लगाए और सर्प दंश के स्थान पर चूसने का प्रयास नहीं करे।

पीड़ित व्यक्ति को ढांढस बाधाएं की सर्पदंश का इलाज सरकारी चिकित्सालय में संभव है। पीड़ित व्यक्ति को एंटी स्नेक वेनम देकर बचाया जा सकता है। हमें कभी भी अंधविश्वास जैसे झाड़फूक, तांत्रिक एवं टोने टोटके इत्यादि से से बचना चाहिए। सभी को सर्पो की रक्षा करनी चाहिए अगर हम सर्पो को मारते रहे तो सर्परक्षक दवा एंटी स्नेक वेनम नहीं बनाई जा सकती है। इसलिए इस धरती पर मनुष्य और सर्पो का सह अस्तित्व भी अति आवश्यक है। कार्यक्रम में सर्प शिक्षा के जिला संयोजक डॉ आनंद कटारे एव अनिल कुमार, संस्था प्राचार्य नरेन्द्र त्रिपाठी एवं शिक्षा विभाग, फार्मेसी एवं नर्सिंग के प्राचार्य, शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार हृदयेश विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

# गांव–गांव, पांव–पांव यात्रा निकालेगा बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा

**समय जगत, उरई।** बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में षांव-गांव, पांव-पांव यात्राष् का दूसरा चरण 26 दिसंबर से शुरू होगा। यह यात्रा जालौन के सैदनगर स्थित रक्त दंतिका देवी मंदिर से शुरू होकर 10 जनवरी को उरई में समाप्त होगी।

बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने बताया कि इस यात्रा का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुंदेलखंड राज्य की आवश्यकता और महत्व के बारे में जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सात नदियां होने के बावजूद पानी की समस्या है। स्वास्थ्य सेवाएं बेहद खराब हैं। पलायन के कारण 68ः लोग क्षेत्र छोड़ चुके हैं। खनिज संपदा बाहरी लोग ले जा रहे हैं। जिससे यहां का विकास रुक गया है।26 दिसंबर को शुरू होने वाली यात्रा जालौन के सैदनगर से शुरू होकर कोटरा, एट, कोंच, माधौगढ़, रामपुरा, जालौन, कालपी और कदौरा सहित कई गांवों और शहरों से गुजरते हुए 10 जनवरी को उरई में समाप्त होगी राजा बुंदेला ने कहा कि जब तक बुंदेलखंड राज्य नहीं बनेगा, तब तक यहां के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर-अलग राज्य नहीं बनाया जा सकता तो इसे केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जाए।

राजा बुंदेला ने कहा कि भाजपा छोटे राज्यों का समर्थन करती है, लेकिन राज्यसभा में बहुमत की कमी के कारण बुंदेलखंड पर कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर और अन्य विकास योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि तीन साल बाद भी यहां इन्वेस्टर नहीं आए हैं। सिर्फ दीवारें खड़ी करना विकास नहीं है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 2027 तक जारी रहेगी। जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य बनाने की उम्मीद पूरी नहीं होती। उन्होंने सभी बुंदेलखंड वासियों से इस अभियान को प्राथमिकता देने की अपील की।

# प्राथमिक विद्यालय कुरयाई पुनः निपुण विद्यालय घोषित

## इसके साथ ही प्रा वि टेकरी व कन्या प्रा वि कडेसरा कला भी निपुण बन गया



**समय जगत, तालबेहट ।** इस वर्ष के निपुण विद्यालय आंकलन में प्राथमिक विद्यालय कुरयाई निपुण विद्यालय घोषित हुआ है डाइट द्वारा भेजे गये परीक्षक डी एल एड प्रशिक्षुओं ने आज विद्यालय में आकर कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों का आंकलन किया जिसमें सभी बच्चे खरे उतरे जिससे वो निपुण विद्यार्थी बने जिस कारण विद्यालय निपुण घोषित किया गया ज्ञात हो कि यह विद्यालय विगत वर्ष भी निपुण घोषित किया गया था तथा इसके लिए विद्यालय को जिला स्तर पर सम्मानित भी किया गया था ।

प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश शर्मा ने बताया कि इसके लिए उनके विद्यालय के साथी शिक्षकों श्रीमती सुनीता कुमारी व कु पूजा सोनी ने बहुत मेहनत की व विभागीय दिशा निर्देशों का उचित अनुपालन किया जिससे ये उपलब्धि हासिल हुयी इसके लिए समय समय पर बी एस ए महोदय खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय सभी ए आर पी विशेषतया आशुतोष बिलगईयां जी शिक्षक संकुल अमरेश राय आदि का दिग्दर्शन मिलता रहा । इस अवसर पर कु श्वेता रायकवार आशुतोष बिलगईयां सुनीता कुमारी पूजा सोनी आदि उपस्थित रहे अंत में सभी का आभार देवेश शर्मा ने जताया।

## महावीर चेत्यालय चन्दावली से चोरी

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्दावली निवासी महेन्द्र कुमार जैन पुत्र लालचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 दिसम्बर की रात गांव में स्थित महावीर चेत्यालय श्री दिगम्बर जैन मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा ही परिजनों को इसकी जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर चांदी के तीन छत्र 200 ग्राम वजन, चांदी का स्वास्तिक लगभग 10 ग्राम एक दान पेटी जिसमें करीब 20 हजार रुपये थे, चोरी हो गये। पुलिस ने महेन्द्र जैन की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफबीएनएस की धारा 331 (4) व 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मारपीट कर वीडियो वायरल करने का आरोप

**समय जगत, ललितपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी निवासी मोनू पटेल पुत्र राजकुमार पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 16 दिसम्बर की शाम करीब साढ़े चार बजे वह चन्द्रशेखर आजाद पार्क में बैठा हुआ था। तभी जुगपुरा नेहरू नगर निवासी सुरेन्द्र रजक व नीरज राजपूत अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों से मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट का वीडियो बनाकर भी उक्त लोगों ने इंस्टाग्राम पर अपलोड़ कर दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुष्कर्म के आरोप में युवक पुलिस हिरासत में

**समय जगत, ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित-वारण्टी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने बीएनएस की धारा 64 (1), 351 (3) में वांछित अभियुक्त ग्राम टेटा निवासी रामप्रसाद उर्फरम्फ पुत्र गोकल को ग्राम जमालपुर तिराहा से हिरासत में लिया है। वांछित दुष्कर्म के आरोपी को पकडने़ वाली पुलिस टीम में निरीक्षक हरीशंकर चन्द्र, हे.कां.शीलेन्द्र भदौरिया, हे.कां. अभय प्रताप, कां. अंकित शर्मा आदि शामिल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**समय जगत, उरई।** बुधवार देर रात सड़क हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, हादसे की जानकारी देर रात पुलिस को हुई, पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने सड़क पर मृत पड़े दोनों लोगों की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी, साथ ही दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।घटना माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंगरा माधौगढ़ मार्ग स्थित ग्राम रजपुरा की है। बताया गया कि रेंडर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसेड़ा के रहने वाले राजनारायण की पुत्री की शादी माधौगढ़ कस्बे के एक गेस्ट हाउस से थी। बुधवार की रात को उसके साढ़ू भाई मुन्नीलाल (60 वर्ष) पुत्र रामकिशुन निवासी गोरई थाना रौन जिला भिंड व अशोक (40 वर्षीय) पुत्र रामसिया जखौली थाना भिंड शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से बुधवार रात को जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे के लगभग जैसे ही उनकी बाइक बंगरा-माधौगढ़ मार्ग पर रजपुरा के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। बड़ी देर तक दोनों घायल सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़े रहे। जब रात में कुछ राहगीर निकले और उन्होंने सड़क पर बाइक और उसके पास दो लोगों को लहूलुहान हालत में देखा वह मौके पर पहुंचे, साथ ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में भर्ती कराया।

# ग्राम पंचायत धौजरी में शत-प्रतिशत लाभार्थियों का सरकारी योजनाओं से करायें आच्छादन : जिलाधिकारी

## सभी विभाग अपनी योजनाओं के अवशेष लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर लाभान्वित करायें

**समय जगत, ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा विकास खण्ड बिरधा के ग्राम धौजरी में चौपाल का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे कि उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के जो भी पात्र लाभार्थी हैं, उनको विभागीय योजना से संतृप्त कराया जाये। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक आयोजित की गई, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि उपरोक्तानुसार अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को यथाशीघ्र लाभान्वित करायें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि दिव्यांग व्यक्तियों के तत्काल दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कराये जायें। तीनों प्रकार की पेंशन हेतु समाज कल्याण विभाग की टीम गांव में जाकर पात्र लाभार्थियों के आवेदन करायेगी। खण्ड विकास अधिकारी बिरधा को निर्देश दिये गये कि श्रम विभाग में पंजीकृत जिन श्रमिकों के जॉब कार्ड नहीं बने हैं, उनके तत्काल जॉब कार्ड बनवाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाये। बैठक के दौरान ग्राम धौजरी में विभिन्न योजनान्तर्गत आवास योजना के 02, वृद्धावस्था पेंशन के 10, दिव्यांग पेंशन के 02, निराश्रित महिला पेंशन के 03, कन्या सुमंगला के 07, किसान सम्मान निधि के 49, राशन कार्ड के 18, मनरेगा अन्तर्गत रोजगार हेतु 10, विद्युत कनैक्शन हेतु 17, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नल कनैक्शन हेतु 03, शौचालय निर्माण हेतु 04, आयुष्मान गोल्डन कार्ड हेतु 48 लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाना शेष बताया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.इम्तियाज अहमद, परियोजना निदेशक, डीआरडीए दीपक यादव, उप कृषि निदेशक वीके दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी, अधि.अभि. जल निगम-ग्रामीण, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बिरधा आदि उपस्थित रहे।

# मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन, 7 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**समय जगत, उरई (जालौन)।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक प्रथम और तृतीय गुरुवार को मानचित्र दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य जन सामान्य को उनके मानचित्र पास कराने में कोई कठिनाई न हो और एनओसी प्राप्त करने में सुगमता हो। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए आज जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण सभागार में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 7 मानचित्र प्रकरणों का समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानचित्र स्वीकृत कराने में जनसामान्य को होने वाली कठिनाइयों और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे सभी संबंधित मामलों को शीघ्र और प्रभावी रूप से निपटाने के लिए सक्रियता से कार्य करें।जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यवाही में गति लाने के लिए भी निर्देश दिए और अवैध निर्माण कार्यों पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने विकास प्राधिकरण को यह निर्देश दिया कि आय में वृद्धि की जाए तथा शमन कार्यवाही के निस्तारण में और अधिक प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि पिछले वर्ष में प्राप्त धनराशि से 20 प्रतिशत अधिक धनराशि प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया।

जनसामान्य को जल्द से जल्द मानचित्र स्वीकृति और संबंधित मामलों का समाधान प्रदान करना है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सहायक अभियंता केके शुक्ला, अवर अभियंता सुधीर कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बुन्देलखण्ड में नहीं चला पीडीए का जादू

## झांसी के बाद ललितपुर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष

**समय जगत , ललितपुर।** पूरे प्रदेश में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट करने के लिए समाजवादी पार्टी ने पीडीए अभियान संचालित कर रखा है। इसी क्रम में गुरूवार को सपा के प्रदेश अध्यक्ष झांसी के बाद ललितपुर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी के साथ विभिन्न फ्रण्टलों द्वारा स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल जो भी तय किया गया था, वहां तक पहुंचने में प्रदेश अध्यक्ष को काफी समय लगा। वहीं झांसी में पत्रकारों से समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा की गयी बदसलूखी के चलते ललितपुर में भी मीडिया से दूरी देखने को मिली। वर्ष 2017 में सरकार जाने के बाद से जमीनी मुद्दों पर नदारत समाजवादी पार्टी जमीन तलाशती नजर आ रही है। जिला स्तर पर चाहे किसानों के मुद्दे हो, व्यापारियों के मुद्दे हों, अधिवक्ताओं के मुद्दे हों या फिर किसी कार्यकर्ता के साथ हुये किसी भी घटनाक्रम का मामला हो, चंद लोगों के बीच सिमटे ललितपुर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगों के बीच अपनी पहुंच नहीं बना पा रहे हैं।



ललितपुर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम स्थल पर भी सपा के वरिष्ठ नेताओं में विधानसभा प्रत्याशी रहीं ज्योति सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हा प्रसाद निरंजन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, पूर्व महासचिव लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, महरौनी विधानसभा के नेता गिन्नी राजा सहित तमाम स्थानीय व क्षेत्रीय दिग्गजों की अनुपस्थिति भी देखने को मिली। तो वहीं दूसरी ओर पीडीए पंचायत के नाम पर किये गये इस कार्यक्रम को महज एक मैरिज गार्डन तक ही सीमित कर दिया गया।

### पूर्व सांसद की अनुपस्थिति रही चर्चाओं में

वर्ष 1992 में जब समाजवादी पार्टी का गठन किया गया, तत्समय पार्टी के नवजात पांव बुन्देलखण्ड की सरजमीं पर जमाने में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले समाजवादी पार्टी से ही सांसद रहे डा.चन्द्रपाल सिंह यादव की झांसी और ललितपुर में आयोजित कार्यक्रमों में अनुपस्थिति देखी गयी, जो कि कार्यकर्ताओं में एक चर्चा का विषय बनी रही। समाजवादी पार्टी का कद बुन्देलखण्ड में बढ़ाने वाले डा.चन्द्रपाल सिंह यादव की अनुपस्थिति के चलते पार्टी से जुड़े झांसी व ललितपुर के दिग्गज नेता पीडीए पंचायत कार्यक्रम से किनारा कर गये। पूर्व सांसद की अनुपस्थिति अपने पीछे कई नये सवालों को जन्म दे गये हैं, जिनका उत्तर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच आना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**यूथ बिग्रेड ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागतः** समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष का तालबेहट के आगे हाई-वे पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को फूलमालायें पहनाईं। इस दौरान राम प्रताप सिंह, शत्रुघ्न यादव, पूजा यादव, शाकिर अली, परवेज पठान, पंकज श्रीवास, विजय यादव, विशाल पाल, चारु सतभैया, शरीफ, यादवेंद्र, महेंद्र टिकैत, बिट्टू यादव, इंदर यादव, रमेश यादव, स्वामी प्रसाद, जावेद, शैलेन्द्र यादव, शाकिब अली के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जुआ के फड़ पर पुलिस की दविश में चार जुआरी दबोचे

## चार हुये भागने में कामयाब, एक लाख रुपये से अधिक नकद मिले

**समय जगत, ललितपुर।** मंगलवार की देर शाम मण्डी चौकी पुलिस ने हाई-वे किनारे स्थित एक बगीचे में दविश देकर चार जुआरियों को धर दबोचने में कामयाबी हांसिल की है। वहीं दूसरी ओर चार जुआरी भागने में भी कामयाब रहे। मौके से पुलिस ने एक लाख रुपये से अधिक की नकदी, चार मोबाइल फोन्स व सात मोटर साइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। अमरपुर मण्डी चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि वह हे.कां.उपेन्द्र सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। तभी गश्त करते हुये उ.नि. मनोज कुमार पटैल व उनके हमराही कां.विक्रम सिंह व हे.कां.बृजबिहारी मौके पर मिले। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि अमरपुर के हाई-वे किनारे स्थित कुसाल साहू के बगीचे में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जुआरियों की टोह ली और छिपकर सुना तो पाया कि एक जुआरी चिल्लाया कि बेगम आ गयी और मैं जीत गया। मुखबिर की सूचना यकीन में बदलते ही पुलिस ने मौके पर दविश दे दी। इस दौरान पुलिस ने चार जुआरियों में जुगपुरा निवासी तिलक सिंह पुत्र स्व.पूरन सिंह, गांधीनगर निवासी अमित कुमार पुत्र पूरन, देवगढ़ रोड निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गिरीशचंद्र, नई बस्ती निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र आनंद पकड़े गये, जबकि मौके से बरामद मोटर साइकिलों के जरिए भागे हुये जुआरियों की पहचान आशीष जैन, विनोद राजपूत, आकाश गुप्ता व चन्द्रदयाल के रूप में की गयी।

# शिक्षा से जीवन में अपनी सभी आकांक्षाओं को कर सकते हैं पूरा: संदीप अग्रवाल

**कुलपहाड़ ( महोबा )।** नंबरों की होड़ सफलता का पैमाना नहीं है जीरो के बिना एक दस नहीं हो सकता और नौ नब्बे नहीं हो सकता उक्त आशय के विचार उ.प्र पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप अग्रवाल ने आरबीपीएस के 15 वें एचीवर्स डे के अवसर पर मेधावियों को सम्मानित करने के बाद व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जिससे आप जीवन में अपनी सभी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। शिक्षाविद व जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने इस अवसर पर कहा कि आरबीपीएस विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ - साथ साहित्य , कला , संगीत, नृत्य ज्ञान , विज्ञान व विभिन्न खेलों के क्षेत्र में भी लगातार आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है। यह इकलौता संस्थान है जो छात्रों को बहुमुखी बनाने के लिए लगातार विविध गतिविधियों से वर्ष भर जोडे रखता है।

सांसद प्रतिनिधि व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उपाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने कहा कि छात्रों की उत्कृष्टता राष्ट्र के विकास की इबारत लिखेगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद , श्रीमती अंकिता गुप्ता एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती मां के



चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।

विद्यालय के प्रिंसिपल अमित कुमार अग्रवाल ने अभी अतिथियों को बैज लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप अग्रवाल ने अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12 के छात्र - छात्राओं को ट्राफी , सर्टिफिकेट व उपहार देकर सम्मानित किया।

स्कूल में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए मोस्ट रेगुलर स्टूडेंट्स अवॉर्ड के लिए मोहित मिश्रा , राशि गुप्ता , गजेन्द्र , एंजिल , कप्तान सिंह , कविता रैकवार , सिद्धार्थ लोहिया , शैगला और सुधा को सम्मानित किया गया।

बेस्ट प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए प्री प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी के दो दर्जन छात्रों को सम्मानित किया गया।

शिक्षाविद व जिला पंचायत अध्यक्ष जे पी अनुरागी ने हाईस्कूल व इंटर के टॉपर अंश पाठक , व्योम अग्रवाल , तनमय स्वेच्छा ओझा , छवि शर्मा व प्राची मिश्रा को सम्मानित किया। उन्होंने बास्केटबाल व सेपकटाकरा बॉयज व गर्ल्स विजेता टीमों के खिलाडियों के अलावा स्टूडेंट काउंसिल के बेस्ट स्टूडेंट लीडर प्रज्ञा त्रिपाठी , बेस्ट स्कूल कैप्टेन अतीका मंसूरी , बेस्ट क्वायर लीडर अविका पांडे , बेस्ट बैंड लीडर कृष्णा अग्रवाल बायज , एंड गर्ल काव्या बिलथरे , बेस्ट क्लास मानीटर कामिनी को सम्मानित किया।

वर्ष भर आयोजित हुई विविध गतिविधियों में सांस्कृतिक वर्ग में अद्वितीय उपाध्याय , कृतिका अग्रवाल , ईशा शक्ति , रौनक तिवारी , साहित्यिक वर्ग में अथर्व बिंदुआ , साध्य अग्रवाल , गौरी खरे , हर्ष बोहत व स्पोर्ट्स ईवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले देवांग सोनी , महक राजपूत कैलाश यादव व अभिषेक राजपूत को सम्मानित किया गया।

अक्षत चौबे , श्रीजी अग्रवाल , विकास यादव , वर्तिका , वैष्णवी रघुवंशी , अथर्व सोनी , अभिनेंद्र प्रताप , समृद्धि द्विवेदी , अंशिका राज , शरद गुप्ता , पावनी , नित्या , गौरवी गुप्ता ,व मृगांक राजपूत को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाजा गया।

मिस्टर एंड मिस आरबीपीएस कॉन्टेस्ट के विजेता विनायक अग्रवाल एवं वैष्णवी गुप्ता को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बीएनवी महाविद्यालय राठ के पूर्व प्रिंसिपल डा. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डॉ कमलेश सक्सेना , डॉ आत्मप्रकाश वर्मा, प्रवक्ता राधेलाल यादव , राहुल अग्रवाल , डॉ करीम बक्स, अनिल अरजरिया , छोटेलाल श्रीवास एड. दिनेश अग्रवाल , नीतेन्द्र चौबे , नरेश रिछारिया एड. सलीम , बलवीर यादव , राजेश चौबे , प्रमोद अग्रवाल , राहुल अग्रवाल , शोभित सोनी समेत सैकडों के संख्या में अभिभावक मौजूद रहे

# आयुक्त की अध्यक्षता में कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**समय जगत, बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन परियोजनाओं के कार्य पूर्ण होने की स्थिति में हैं, उन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर सम्बन्धित विभागों को हस्तगत कराया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से कार्य को पूर्ण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्री का प्रयोग करते हुए मैन पावर को बढाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद के द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए पडरी के स्वास्थ्य उपकेन्द्र के विद्युत कनेक्शन का कार्य शीघ्र कराये जाने तथा बरईमानपुर के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड मानिकपुर के ग्राम ददरीमाफी के सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य तेज गति से



माह फरवरी, 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने तथा मानिकपुर मारकुण्डी हुडैला मार्ग को इस माह के अंत तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को थाना सुमेरपुर में हास्टल व बैरक के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसपर अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य माह जनवरी, 2025 तक पूर्ण हो जायेगा। यू0पी0सिडको द्वारा आईटीआई राठ हमीरपुर के निर्माण कार्य को तेज गति एवं गुणवत्ता से जनवरी, 2025 पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। जनपद महोबा के नवीन जिला कारागार के निर्माण कार्य को कार्य में तेजी लाते हुए वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के द्वारा कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर पोजेक्ट मैनेजर को कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय हरदौली तथा बस स्टेशन कार्यशाला राठ एवं पैलानी तहसील के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए तहसील के भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मानिकपुर रोड से रमपुरवा सम्पर्क मार्ग के कार्य मे देरी होने पर सम्बन्धित ठेकेदार से शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बेंदा घाट से जलालपुर रोड का निर्माण कार्य तथा बदौसा से पौहार रोड के निर्माण कार्य में गति लाकर शीघ्र कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को दिये। उन्होंने बॉदा बहराइच रोड में चैडीकरण के कार्य को इस माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द कुमार सहित सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं तथा लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### द हंस फाउंडेशन का खेल महोत्सव संपन्न



**समय जगत, चित्रकूट।** द हंस फाउंडेशन ने अपने खेल महोत्सव के तहत शतरंज, बैडमिंटन और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद महोबा, फतेहपुर और चित्रकूट की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं और उपविजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड प्रदान की गई। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम महोबा रही, जबकि उपविजेता टीम चित्रकूट एरिया ऑफिस रही। बैडमिंटन में विजेता टीम फतेहपुर और उपविजेता टीम चित्रकूट रही। शतरंज प्रतियोगिता में चित्रकूट ने विजेता का स्थान हासिल किया और महोबा उपविजेता रही। इस अवसर पर द हंस फाउंडेशन के 80 से अधिक सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय से डिप्टी मैनेजर प्रोग्राम रजनीश कुमार पाल और एचआर विभाग से शिवमंगल गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही एमएमयू प्रबंधक बुंदेलखंड रामेश्वर विश्वकर्मा, लाइवलीहुड प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अतुल गुप्ता और राधा, समस्त लाइवलीहुड टीम के सदस्य एवं तीनों जनपदों के कार्यकर्ता भी इस आयोजन में शामिल हुए। द हंस फाउंडेशन पिछले दो वर्षों से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है। यह आयोजन टीम भावना, खेल कौशल और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष,तीन लोग हुए घायल



**समय जगत, धौलपुर ।** धौलपुर जिले के बसई नवाब कस्बे में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। खूनी संघर्ष में एक पक्ष के पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती घायल लोहरी ने बताया कि उसके पति भोजा पुत्र रोशन के परिवारके लोग नारायण उनके हिस्से की खेत की जमीन पर कब्जा करना चाहते है। जिसको लेकर बुधवार की शाम को नारायण पक्ष के परिवारीजनों से कहासुनी हो गई थी.इसके बाद बीती रात को नारायण के आधा दर्जन से अधिक लोगो ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उसका पति भोजा,लोहरी और बेटा गौरव घायल हो गया.घायलों को ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं.जहां उनका उपचार चल रहा हैं.घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवादों के गुणात्मक निराकरण हेतु करें प्रयास : कलेक्टर



**विजय शर्मा - समय जगत, धौलपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान खातेदारी की जमाबंदी में नाम सही करवाने, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाईनों की सफाई, पुलिस, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान सर्तकता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया। परिवादी शकुंतला देवी ने अपनी खातेदारी की भूमि से लगते गैर मुमकिन रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार बाड़ी को मौका देखकर त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु निर्देशित किया।

# महाकुंभ के लिए चित्रकूट में भी तैयारी शुरू, जिलाधिकारी ने रैली निकाल कराई शुरुआत

**समय जगत, चित्रकूट।** सुशासन सप्ताह की अवधि में नगर पालिका परिषद कर्वी परिसर से धनुष चौराहा तक महाकुंभ-2025 प्रयागराज के दृष्टिगत रोड शो रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह,




मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बांदा/ चित्रकूट पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी नरेन्द्र गुप्ता ने विधि विधान से कलश पूजन एवं हरी झंडी दिखाकर रोड शो रैली को रवाना किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में 13 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक *दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ- 2025* का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है, आज इस रैली के माध्यम से जनपद के सभी लोगों से आग्रह किया गया है की अधिक से अधिक महाकुंभ प्रयागराज पहुंचकर लोग स्नान करें उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति, 29 जनवरी 2025 मौनी अमावस्या, 2 फरवरी 2025 बसंत पंचमी, 12 फरवरी 2025 माघी पूर्णिमा तथा 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व पड़ रहा है, तथा धार्मिक नगरी चित्रकूट से मां मंदाकिनी का जल एकत्र करके महाकुंभ प्रयागराज में भेजा जा रहा है जो प्रयागराज में समाहित होगा उस कलश का भी विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया है, उन्होंने कहा कि चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोस्थली है यहां पर भी महाकुंभ प्रयागराज से श्रद्धालु स्नान करके काफी संख्या में आएंगे यहां पर भी जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रेन बसेरा आदि सुविधाओं की भी व्यवस्था कराई गई है ताकि धर्मनगरी चित्रकूट में किसी भी श्रद्धालुओं को कोई समस्या ना हो।

रोड शो रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी की छात्राएं, गोपाल हिंदी संस्कृत पाठशाला रसिन के वेदाचार्य, पीआरडी जवान, युवक /महिला मंगल दल के सदस्य, स्पोर्ट्स पर्सन के छात्र-छात्राएं तथा कामधेनु गौ माता द्वितीय मुखारविंद चित्रकूट धाम परिक्रमा मार्ग के गोपाल दास जी महाराज के साथ अन्य साधु संत शामिल रहे।

रैली के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, अग्रणि जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सफाई निरीक्षक कमला कान्त शुक्ला, आर आई राहुल पांडेय सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाएगा चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस

**समय जगत, बांदा ।** मुख्य विकास अधिकारी बांदा वेद प्रकाश मौर्य ने बताया है कि कृपया शासन के पत्र सं0- सा0-925/12-62024-54-2000 दिनांक-13.11.2024 के क्रम में स्व0 चौधरी चरण सिंह ( मा0 भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी ) के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 12ः00 बजे से किसान सम्मान दिवस का आयोजन विकास खण्ड परिसर बडोखरखुर्द, बॉंदा में किया जा रहा है। इस अवसर पर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ( आत्मा ) योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेंला/कृषि प्रदर्शनी / किसान गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कृषि तथा कृषि के सहयोगी विभागों यथा फसल बीमा कम्पनी, इफ्को, कृषि यंत्रीकरण, एफ0पी0ओ0, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग, रेशम विभाग, दुग्ध विकास विभाग, मृदा परीक्षण, जल जीवन मिशन, भू-गर्भ जल एवं अन्य सस्थाओं द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, एवं मत्स्य के सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त कृषकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। सम्बन्धित विभाग पुरुस्कार हेतु चयनित कृषकों की समय से सहभागिता कराना सुनिश्चित करेंगे। अत ः उक्त के क्रम में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 23.12.2024 को अपरान्ह 12ः00 बजे से विकास खण्ड परिसर बडोखरखुर्द, बॉंदा में 10-10 प्रगतिशील कृषकों की सहभागिता के साथ स्वंय उपस्थित होकर किसान सम्मान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# चरखारी नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों को वितरित की गई ड्रेस

**चरखारी( महोबा)।** नगर पालिका में सफाई व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित के लिए एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों वाहन चालकों और मालियो को कर्मियों को नई ड्रेस वितरित की गई। यह पहल अधिशाषी अधिकारी अमरजीत और अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने ड्रेस प्राप्त कर खुशी जताई और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया अधिशाषी अधिकारी अमरजीत ने



कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, 卐आप सभी नगर की स्वच्छता और सुंदरता के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। यह ड्रेस आपके कार्य के प्रति समर्पण का सम्मान है। उम्मीद है कि आप इसी लगन से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।卐 अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा ने कहा, 卐साफ-सुथरा शहर हमारे सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, और सफाई कर्मचारी इस काम में अहम भूमिका निभाते हैं। हमारी यह कोशिश है कि वे और अधिक सुविधाजनक माहौल में काम कर सकें।卐और इस कड़ाके की ठंड में स्वयं को सुरक्षित रखकर अपना कार्य करें इस उद्देश्य से आज ड्रेस का वितरण किया गया है कार्यक्रम में प्रधान लिपिक अय्यूब खान, सौरभ सक्सेना, सभासद मोहम्मद सरफराज, शैलेंद्र तिवारी, राम महाराज, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार, सद्दाम हुसैन, मुस्तफा खान, और वीरेंद्र कुमार लाला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

**( ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस )**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक : 298/एन.पी.के./निविदा सूचना/2024-25**
**दिनांक-18.12.2024**

सीवरेज एवं जल निकासी योजना से नगर पंचायत, कुलपहाड द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 19.12.2024 से 25.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 26.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट **http://etender.up.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**(प्रवेन्द्र कुमार)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद-महोबा**

**(वैभव अरजरिया)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद-महोबा**

# 26 से शुरु होगी पांच दिवसीय श्री नवग्रह पंचकोशी यात्रा, 12 गांवों में श्रद्धालु करेंगे भ्रमण

**समय जगत, खरगोन।** निमाड़ की खुशहाली की कामना को लेकर निकाली जाने वाली श्री नवग्रह पंचक्रोशी यात्रा सफला एकादशी 26 दिसंबर से शुरु होगी। श्री शैव संप्रदाय के तत्वावधान में गुरुदेव डॉ. रवींद्र भारती चौरे की प्रेरणा से निकाली जाने वाली यह पांच दिवसीय यात्रा के दौरान यात्री 12 गांवों का भ्रमण कर 30 दिसंबर याने अमावस्या को वापस श्री नवग्रह मंदिर लौटकर यात्रा को विराम देंगे। श्री गुरुदेव डॉ. रविंद्र भारती चौरे कृत नर्मदा पंचक्रोशी पदयात्रा केंद्रिय समिति गुरु स्थान पुनासा एवं स्थानीय नवग्रह पंचकोशी पद्यात्रा समिति से मिली जानकारी अनुसार यात्रा 26 दिसंबर को नवग्रह मंदिर में औंकार ध्वज पूजन, मां नर्मदा व नवग्रहों के पूजन.अर्चन, दर्शन के बाद शुरु होगी। यात्रा के ध्वजवाहक श्री नर्मदे हर नयनदास बाबा मेहरजा होंगे। श्री नवग्रह पंचक्रोशी यात्रा अन्य सभी यात्राओ से अलग है जो नवग्रह शांति, पूजन और परिक्रमा के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी और यह एक मात्र यात्रा है जो नर्मदा जी के किसी भी तट से होकर नही गुजरती है। श्री नवग्रह पंचकोशी यात्रा की शुरुआत 2008 में हुई थी जिसमें केंद्रीय समिति के राधेश्याम शर्मा, जगदीश नेगी, कल्याण चौरे, गंगाराम मिस्त्री आदि शामिल हुए थे। यात्रा में हजारों की संख्या में सर्द मौसम के बाद भी बुजुर्गो, महिला- पुरुषों के साथ बच्चे भी शामिल होते है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए समिति के अध्यक्ष शंकर लाल यादव संरक्षक राधेश्याम शर्मा, प्रभारी राजेंद्र शर्मा, पंडित लोकेश जागीरदार, संतोष भाई मारू ने अपील की है कि यात्रा में शासन प्रशासन के नियमों का पालन करें और व्यवस्था में सहयोग करे। पहला पड़ाव- यात्री भजन. कीर्तन करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गोपालपुरा, मेहरजा, बड़गॉंव होते हुए संत बोंदरूबाबा के समाधि स्थल नागझिरी में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरा दिवस. दिनांक 27 सितंबर दिसंबर 2024 शुक्रवार प्रातः खेड़ा राजपुर पास रेणुका माता मंदिर के दर्शन कर ग्राम जामली में दोपहर विश्राम पश्चात कुकडोल से कुम्हार खेड़ा होकर खांडेराव बाबा, मोती माता मंदिर दर्शन कर ग्राम उमरखली पहुंचकर रात्रि विश्राम होगा। तृतीय दिवस .दिनांक 28 दिसंबर 2024 शनिवार को प्रातः देवझिरी दर्शन कर ग्राम बसनेर में दोपहर विश्राम बाद संतोषी माता मंदिर से जलकल यंत्रालय बड़घाट कुंदा तट खरगोन में रात्रि विश्राम होगा। चतुर्थ दिवस. दिनांक 29 दिसंबर 2024 रविवार सुबह दामखेड़ा के प्रसिद्ध नाग मंदिर में दर्शन बाद रणगांव में दोपहर विश्राम कर ग्राम बिरोठी होते हुए ब्रह्मलीन परम संत श्री पूर्णानंद जी लूला बाबा की समाधि स्थल बेंडियांव में रात्रि विश्राम होगा । पांचवें दिवस. दिनांक 30 दिसंबर 2024 सोमवार अमावस्या को प्रातः पंचकोशी मेलडेरा मंदिर में शिवालय दर्शन कर स्नेह वाटिका होते हुए पुनः नवग्रह मंदिर में यात्रा पहुंचेगी जहां पर नवग्रह पूजन, नर्मदा पूजन, ध्वज पूजन कर आरती बाद प्रसादी वितरण कर यात्रा का समापन होगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा

**पत्रांक-मेमो/कर विभाग/न.पा.प.महोबा/2024-25**
**दिनांक :17/12/24**

**( नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत )**

**प्रकाशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाना है कि श्री सचिन कुमार पुत्र श्री रविन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला इमलीबरा तह0 व जिला महोबा ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि मुहल्ला इमलीबरा वार्ड मगरियापुरा स्थित भवन सं0 107 जो कि नगर पालिका अभिलेखो मे श्रीमती शकुन्तला चौरसिया पत्नी श्री कालूराम के नाम अंकित है। उक्त भवन मे वार्षिक गृहकर रू0 50.00 निर्धारित है। श्रीमती शकुन्तला की मृत्यु संलग्न मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर दिनांक 05.11.2023 को हो चुकी है। उक्त भवन को वसीयतकर्ता श्रीमती शकुन्तला पत्नी श्री कालूराम निवासी मोहल्ला इमलीबरा तह0 व जिला महोबा ने अपने नातीगणो सचिन कुमार, रितिक कुमार व अमित कुमार पुत्रगण रवीन्द्र कुमार को रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 28.02.2017 को वसीयत कर दी है तथा उक्त भवन को आवेदक ने अपने व अन्य के नाम दर्ज करने की प्रार्थना की है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद महोबा**



# निगमायुक्त के निर्देशन में जन कल्याण पर्व शिविर किया गया आयोजित

**समय जगत, रीवा।** यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव जी के आह्वान पर मुख्यमंत्री-जनकल्याण-अभियान अंतर्गत जन कल्याण पर्व शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे 19 दिसंबर को नगर निगम अंतर्गत जोन क्र. 2 वार्ड 20 एवं 21 सामुदायिक भवन कटरा तिराहा रीवा में आयोजन किया गया।

शिविर में पहुँचकर निगम आयुक्त हितग्राहियो से मिलकर उनकी शिकायतों से अवगत हुये एवं निराकरण हेतु अधिकारियो एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान निगमायुक्त ने सभी विभागो में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को योजनाओं का तत्काल लाभ प्रदान करने हेतु प्रभावी क्रियांन्वयन के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों को सभी हितग्राही मूलक लाभ जिनमें आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राष्ट्रीय योजनाओं के लाभ, और स्थानीय शिकायतों का समाधान प्रदान किया जा रहा है।

इसके पश्चात निगमायुक्त ने वार्ड भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आमजन की मॉग पर वार्ड 20 एवं 21, 30 से जुड़े बजार स्थल के पास जलभरॉव की समस्या पर डेऊनेज फ्लो का लेबल लेकर नाली निर्माण की योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे उक्त स्थल मे जलभरॉव की समस्या से निजात मिल सके। बाजार में स्थल चिन्हित कर आमजन के लिये सुलभ काम्पलेक्स एवं यूरिनल बनाये जाने के निर्देश दिए। तथा उक्त स्थल पर गंदे पानी की शिकायत पर पाइप लाइन बदलकर नई पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए। दुकानदारो द्वारा दुकान के सामने सामग्री बाहर रखकर आवागवन बाधित किये जाने पर दुकानदारो को समझाइस दी गई कि तत्काल सामग्री हटाये अन्यथा चलानी के साथ जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

उक्त शिविर में 12 आयुष्मान कार्ड, 26 केवाईसी, 24 पथ विक्रेताओं के पंजीयन एवं लोगों को खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़े गये। साथ ही संबल योजना एवं कल्याणी, 3 वृद्धापेंशन जैसे सभी राष्ट्रीय योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किये गये।

इस दौरान पार्षद श्री दीनानाथ वर्मा एवं श्री संजय खान, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी श्री नीलेश चतुर्वेदी, एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर के नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन शिविरों में भाग लें एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस कड़ी में दिनांक 20.12.2024 को जोन क्र. 3 वार्ड 15 रतहरा तालाब के पास रीवा में मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत शिविर का आयोजन किया जावेगा।

## जाम लगने के कारण आवागमन में होती है परेशानी

# निगमायुक्त के निर्देश पर अस्पताल चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण

**समय जगत, रीवा।** नगर निगम क्षेत्र में लगातार अवैध अतिक्रमणकारियों की बाढ़ आ चुकी है। जहां कहीं भी शासकीय जमीन की दीवाल बनी है अथवा थोड़ी सी जगह है वहां पर कोई न कोई व्यक्ति उसे अतिक्रमित किए हुए है। चाहे फिर वह संजय गांधी अस्पताल की दीवार हो या फिर नगर निगम की दीवार हो अथवा जिला पंचायत की दीवार हो या फिर कलेक्ट्रट की दीवार हो अथवा अन्य शासकीय भवन के साथ ही अमहिया नाला के पास बनी दुकाने जिसे निगम ने पहले ढहा दिया था वहां पर अतिक्रमण करके मांस मछली आदि बेची जा रही है। ज्ञात हो कि इसी प्रकार अस्पताल चौराहे में लंबे समय से अतिक्रमण करके अस्पताल की दीवारों से सटकर अवैध तरीके से ठेला, गुमठी, पान, चाय आदि का धंधा जोरों पर चलाया जा रहा है। जिससे यहां अवैध तरीके से वाहनों के खड़ा किए जाने के कारण यातायात बाधित होने के साथ ही दिनभर जाम का झाम झेलना पड़ता है। इसके साथ ही इसी जगह पर लेबर मंडी बनाए जाने के कारण भी यह समस्या आम हो चुकी है। लेकिन इसके लिए किसी ने अब तक कोई



आवाज नहीं उठाई है। हालांकि गुरूवार को निगमायुक्त के निर्देशन पर अतिक्रमण दस्ता ने इस स्थान से अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने का काम जरूर किया है लेकिन यह दस्ता जाने के बाद पुनः दो चार दिन में अतिक्रमण कर लेगे।

इसलिए इन अतिक्रमणकारियों के लिए समुचित इलाज होना आवश्यक है। शहर में विभिन्न स्थानों में चल रहा अतिक्रमण काढ़ में खोज का काम कर रहा है। जो निगम के लिए मुसीबत पैदा कर रहा है। वैसे देखा जाए तो शहर की सड़कों पर जितना अतिक्रमण है वह कही पर नही है। सुबह दुकानदार अपनी दुकान खोलता है तो सबसे पहले वह शहर की सड़कों एवं गलियों में अपने दुकान को फैलाकर अतिक्रमित करता है। इसी प्रकार सब्जी मंडी सड़क का हाल है। पुरानी सब्जी मंडी मार्ग में सड़क पर ही सब्जियों को बिखेरकर अतिक्रमण करके सब्जिया बेची जा रही है। जिस पर अब तक निगमायुक्त का ध्यान शायद नहीं गया है। यदि सुबह वह निकलकर गुडहाई बाजार स्थित सब्जी मंडी पहुंचकर एक बार पैदल ही टहल ले तो उन्हे पता चल जायेगा कि सब्जी मार्केट में सर्वाधिक अतिक्रमण है जहां लोगों का पैदल निकलना मुश्किल है। क्योंकि यहां पर सर्वाधिक सड़क पर ही अतिक्रमण है। इसी प्रकार दिन भर सिरमौर चौराहे के आसपास अतिक्रमण रहता है। ज्ञात हो कि ओव्हर ब्रिज के दोनों तरफ अतिक्रणकारियों का कब्जा है। जिसे हटाना नगर निगम के एि टेढ़ी खीर है। शहर के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमणकारियों को हौसले बुलंद है। वह सुबह से ही अतिक्रमण कर सड़कों पर अपना सामान बिखेरना शुरू कर देते है तथा देखते ही देखते शहर में जाम कर कारण बन जाता है।

इसलिए नगर निगम के अधिकारियों एवं पुलिस के कर्मचारियों को संयुक्त रूप में इन अतिक्रमणरियों को सबक सिखाने के लिए वर्ष के 365 दिन काम में जुटना होगा तथा व्यवस्थित शहर संचालन के लिए नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक है अन्यथा अतिक्रमण के कारण शहर में आए दिन जाम का झाम होता रहेगा। अस्पताल चौराहे में कई समय से अतिक्रमण चल रहा था और गाड़ियों का जाम लग जाता था जिससे आम जन मानस को तकलीफों का सामना करना पड़ता था ।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 19.12.2024 को अटल रैन बसेरा से संजय गांधी हॉस्पिटल के गेट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई साथ ही शंकर जी के मंदिर के बगल में बने हुए लेबर सेड मे ठेले वालों द्वारा कब्जा किया गया था जिसे तत्काल खाली कराया गया। अटल रैन बसेरा के सामने दुकानदारो द्वारा दुकान के बाहर सामग्री रखकर व्यापार किया जा रहा था जिसे हटाने के साथ ही रू. 3000 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी श्री शुभम तिवारी के साथ अतिक्रमण सहायक सुखेन्द्र चतुर्वेदी एवं ज्ञानेन्द्र द्विवेदी व अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### उम्र 31, अपराध 21 दर्ज , पुलिस ने दबोचा



**समय जगत, रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर महिला फ़रियादिया के अड़ीबाजी करने वाले आरोपी चिराग खान पिता फजलु खान उम्र 31 वर्ष निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया थाना अमहिया जिला रीवा जिसके पूर्व में भिन्न भिन्न थाने में 21 अपराध दर्ज है को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी चिराग खान पिता फजलु खान उम्र 31 वर्ष निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया थाना अमहिया जिला रीवा
**महत्वपूर्ण भूमिका :-** उनि शिवा अग्रवाल, प्र0आर0 960 ओमप्रकाश रावत, आर.577 पीयूष मिश्रा आर0 विक्रम वर्मा, आर 204 विकास तिवारी, आर विजय साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कम्बल बांटने में गुजरती है अविराज की रात

**समय जगत, रीवा।** शहर के कुछ ऐसे युवा जो रात भर घूम घूम कर लगभग 10 दिनों से कड़ाके की ठंड में बेघरों के तन पर कम्बल ओढ़ रहे हैं जब लोग अपने घर में दुबके हो ऐसे में समाजसेवी अविराज अपने साथियों के साथ असहायों तक पहुंच कर उनको ठंड से बचाने कंबल बांट रहे हैं एक ओर जहां ठिठुरती हुई ठंड में लोग रजाई व कंबल के सहारे लोग घरों में सो जाते हैं वही ऐसे में आधी रात में समाजसेवी अविराज व टीम द्वारा किए जा रहे इस कार्य की चारो तरफसराहना हो रही है बताया जा रहा है की ये अभियान निरंतर चलता रहेगा विगत दिवस उनके इस अभियान में डा राकेश पटेल भी शामिल हुए व इस कार्य की सराहना की साथ ही इस अभियान में अभिषेक सिंह एड इरफान खानए सुभाष गुप्ताए दीपक सिंहए आशीष द्विवेदीए मनी यादवए मोहित यादवए अतुल पांडेए किशन विश्वकर्माए सुनील कुंजवानीए अशोक झामनानीए आरिफ़ आकाश, तरुण सिंहए कमलेश वर्मा आदि कई युवा साथी शामिल है।

### मऊगंज कॉलेज में छात्रों को मिली गलत जानकारी पूर्व प्राचार्य और स्टाफ की गलती का हुआ खुलासा

**समय जगत, रीवा।** मऊगंज कॉलेज में प्रोफेसरों की लापरवाही के चलते डेढ़ सैकड़ा से अधिक छात्र फेल हो गए। पहले तो महाविद्यालय प्रबंधन विवि पर लापरवाही का आरोप मढ़ता रहा लेकिन जैसे ही छात्रों को जानकारी हुई कि महाविद्यालय से छात्रों के प्रैक्टिकल नंबर हीं नहीं भेजे गए हैं। जिसके चलते बीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के करीब डेढ़ सैकड़ा छात्र फेल हो गए। जानकारी के मुताबिक शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय की लापरवाही सामने आई है। बताया गया कि यहां डेढ़ सैकड़ा से अधिक छात्र कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से फेल हो गए। कॉलेज प्रबंधन ने इनके प्रैक्टिकल के नंबर ही नहीं भेजे। बुधवार को इस बात से आक्रोशित छात्रों ने एबीवीपी के बैनर तले कॉलेज में जमकर हंगामा किया और कॉलेज प्राचार्य के कक्ष के सामने धरना देते हुए नारेबाजी भी की गई। छात्रों ने बताया कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए और रिजल्ट में सुधार कराया जाए। कॉलेज प्राचार्य के आश्वासन के बाद छात्र वापस लौटे। हालांकि बताया गया कि यह नंबर पूर्व प्राचार्य के कार्यकाल में भेजे गए थे और इस संबंध में कोई जानकारी भी वर्तमान प्राचार्य को नहीं दी गई।

### महानगर की तर्ज पर व्यावसायिक काम्पलेक्सों की छतें की जायेंगी बिक्री

**समय जगत, रीवा।** नगर पालिक निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा व उनकी एमआईसी द्वारा नगर निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने बड़ा निर्णय लिया गया है। महापौर व उनकी एमआईसी ने नगर निगम के व्यवसायिक कॉम्पलेक्सों की छतों को एक बार फिर विक्रय करने का निर्णय लिया है। इससे निगम को करोड़ों को आय होगी और इसी राशि से शहर के लोगो को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्रथम चरण में शिल्पी कुंज के व्यवसायिक कॉम्पलेक्स की छत को बेचने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर महापौर और एमआईसी ने सक्षम स्वीकृति दे दी है। अब प्रस्ताव परिषद् में स्वीकृत हो गया है। एमआईसी व परिषद के इस निर्णय से निगम की राजस्व की आय तो होगी ही इसके अलावा यहां चनने वाले व्यवसायिक कॉम्पलेक्स से कई लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बता दें कि फिलहाल जो प्रस्ताव नगर निगम ने तैयार किया हैं, उसमें इस छत को 30 वर्षों तक लीज में देने के लिए 2.89 करोड़ रुपए राशि का निर्धारणकिया गया है। इसमें निगम द्वारा 1070 वर्गमीटर एरिया की छत दी जाएगी। यह राशि कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार तय दर से निकाली गई है। इसमें सुपरविजन चार्ज के साथ-साथ 10 प्रतिशत का प्रॉफिट भी जुड़ा हुआ है। हालांकि इस छत पर निर्माण होने के बाद जो छत होगी वह निगम के अधीन ही होगी, जिसे निगम जब चाहे फिर से विक्रय कर सकता है।

जानकारी के मुताबिक शिल्पी कुंज के इस व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, इसी वर्ष निगम द्वारा गंगोत्री कॉलोनी की यह भूमि लीज पर शिल्पी कांस्ट्रक्शन कंपनी को दी गई थी। उन्होंने इस बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 2005 में पूरा किया था। इस चिल्डिंग को बने करीब 19 वर्ष बीतने को है। हालांकि निगम प्रशासन द्वारा इस बिल्डिंग का परीक्षण शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम द्वारा किया गया है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार इस बिल्डिंग के छत पर अभी निर्माण किया जा सकता है।

बता दें कि नगर निगम के पास इस प्रकार की कई अन्यप्रॉपर्टी हैं, इसके पहले नगर निगम द्वारा नगर निगम के पीछे सूर्या होटल वाली छत व पुराना बस स्टैंड की छत का विक्रय किया था लेकिन बीते वर्षों में निगम ने इस प्रकार की स्ववित्तीय योजनाएं ही तैयार की लेकिन कभी अमल नहीं किया। महापौर अजय मिश्रा बाबा ने पहले ही इस प्रकार की योजनाओं को लागू का आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने की बात कही थी और उन्होंने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है। शिल्पी कुंज के बाद अन्य बिल्डिंगों की जांच कराकर उनकी भी छतें बेचने की तैयारी की जा रही है। महापौर अजय मिश्र के अनुसार नगर निगम में स्ववित्तीय योजना के कई प्रस्ताव तैयार कराए गए हैं. शिल्पी कुंज की छत को बेचा जा रहा है, जिससे निगम को आय होगी और यहां बनने वाले व्यवसायिक भवन से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। आत्मनिर्भर नगर निगम की ओर यह पहला बड़ा कदम है। आमजन के हित में कार्य किए जा रहे हैं। जिससे निगम की आय में वृद्धि के साथ ही आर्थिक मजबूती आयेगी।

# अब जबलपुर की रीजनल लैब में होगा डीएनए परीक्षण!

**समय जगत, रीवा।** रीवा संभाग के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब डीएनए परीक्षण के मामले सागर की जगह जबलपुर स्थित नवनिर्मित एफएसएल रीजनल लैब में भेजे जाएंगे। पुलिस मुयालय भोपाल से जारी आदेश के अनुसार, 1 जनवरी से रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मैहर और मऊगंज जिले के थानों से डीएनए जांच के प्रकरण जबलपुर लैब में जमा होंगे। पहले डीएनए परीक्षण के केस सागर लैब में भेजे जाते थे। वहां प्रदेश के अन्य जिलों के मामलों के साथ प्रकरण पेंडिंग हो जाते थे, जिससे जांच में देरी होती थी। अब जबलपुर लैब में परीक्षण होने से रिपोर्ट जल्द उपलब्ध होगी और मामलों का शीघ्र निपटारा संभव होगा।

**हर माह 25-30 प्रकरण :** रीवा जिले से हर महीने बलात्कार, अज्ञात शवों की पहचान और घटनास्थल के साक्ष्यों से जुड़े 25-30 प्रकरण डीएनए जांच के लिए भेजे जाते हैं। नई व्यवस्था से न केवल न्याय प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि साक्ष्य भी आरोपियों के खिलाफ अहम भूमिका निभाएंगे।

**रीवा में जनवरी में उद्घाटन की उमीद:** रीवा जिले में भी एफएसएल की रीजनल लैब बनकर तैयार हो गई है। वैज्ञानिक अधिकारियों और स्टाफ की नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन उद्घाटन के अभाव में संचालन रुका हुआ है। इस लैब में बिसरा और अन्य प्रकरणों की प्रारंभिक जांच होगी, जिससे रीवा और शहडोल संभाग के मामलों को तेजी से निपटाया जा सकेगा। जनवरी में लैब भवन का उद्घाटन प्रस्तावित है।

**जून से खाली एफएसएल यूनिट :** रीवा जिले की एफएसएल यूनिट जून महीने से अधिकारी विहीन चल रही है। यहां पदस्थ वैज्ञानिक अधिकारी के सेवानिवृत्त होने के बाद एक महिला वैज्ञानिक अधिकारी की पोस्टिंग की गई थी। लेकिन, उन्होंने ज्वाइन नहीं किया। इसके बाद से यहां पर वैज्ञानिक अधिकारी का पद खाली पड़ा हुआ है। हालांकि घटनास्थल निरीक्षण के लिए रीजनल लैब में पदस्थ वैज्ञानिक अधिकारी को जिमेदारी सौंपी गई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एक आदेश वरिष्ठ कार्यालय से मिला है। उसमें डीएनए परीक्षण के लिए प्रकरण सागर की जगह अब जबलपुर रीजनल लैब में जमा होंगे। एक जनवरी से नई व्यवस्था लागू होगी। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

**विवेक सिंह,** एसपी रीवा

# सड़क पर बने प्रतीक चिह्नों का करें पालन, नियमों को न तोड़ें

**रीवा।** शहर में स्थित बीड़ा-सेमरिया रोड पर पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के करहिया परिसर में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा रीवा यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में यातायात शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से अनिमा शर्मा यातायात थाना प्रभारी रीवा महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक यस के त्रिपाठी, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला,पेंटियम प्वाइंट कॉलेज आफ मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ मोना तिवारी,सुबेदार अंजली गुप्ता,सुबेदार सुगम चतुर्वेदी उपस्थित रहे। इस शिविर की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीपोत्सव के साथ प्रारंभ हुई। उपस्थित अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की परंपरा अनुसार पौधा भेंट कर किया गया।महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने और उनके फायदे बताए।सभी छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। यातायात थाना प्रभारी ने कहा कि छात्र-छात्राएं स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। तिराहों-चौराहों पर हरी और लाल बत्ती का विशेष ध्यान रखें। वाहन चलाते समय नशा न करें।सुबेदार सुगम चतुर्वेदी ने कहा कि कार में सीटबेल्ट,बाइक पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।




# वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री भैया लाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें सत्र के चौथे दिन 5 मुकाबले हुये

**समय जगत, रीवा।** वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्री भैयालाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का नौवा सत्र अवधेश प्रताप सिंह क्रिकेट ग्राउंड चुंगीनाका में कराया जा रहा है, जहाँ टूर्नामेंट के चौथे दिन लीग के 5 मुकाबले खेले गए पहला मुकाबला लकी स्वीट्स एंड डेयरी बनाम अम्बुज 11 झलवार के बीच खेला गया अम्बुज 11 झलवार 8 विकेट से विजयी हुई, दूसरा मुकाबर्ला रोहित 11 बनाम नानू 11 सिवनी के बीच खेला गया नानू 11 सिवनी 8 विकेट से विजयी हुई, तीसरा मुकाबला अम्बुज 11 झलवार बनाम कटनी रोहित 11 के बीच खेला गया अम्बुज 11 झलवार 22 रनों से विजयी हुई, चौथा मुकाबला नानू 11 सिवनी बनाम लकी स्वीट्स एंड डेयरी के बीच खेला गया नानू 11 सिवनी 12 रनों से विजयी हुई,पाँचवाँ मुक़ाबला नानू 11 सिवनी बनाम अम्बुज 11 झलवार के बीच हुआ नानू 11 सिवनी 8 रनों से विजयी हुई, राष्ट्रीय एकता मंच समिति के संयोजक एव आयोजक अखिलेश शुक्ला, अरुण मिश्रा, सतीश सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, प्रदीप तिवारी, अजय साकेत, अतुल मिश्रा,अखिलेश सिंह गुड्डू, संजीव सिंह रिंकु, सुतीक्षण समदारिया कमांडो, रविशंकर चतुर्वेदी मशाला किंग, अखिलेश पांडे, इंजी रवि प्रकाश शुक्ला, कुलदीप पांडेय सहवाग़, स्वादीप पांडेय पंडित, श्री कृष्ण मिश्रा,आशीष पांडेय, आकाश मिश्रा, नीरज द्विवेदी, दर्शित शुक्ला, संस्कार पांडेय, ऋषित चतुर्वेदी व कमेटी एव राष्ट्रीय एकता मंच के सभी सहयोगी उपस्थित रहे। आयोजको ने सभी खेलप्रेमियों से ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में मैदान में पहुचकर खेल का आनंद उठाने की अपील की गई है फाइनल मुकाबला 22 दिसंबर रविवार को खेला जाएँगा।

"ISO 9001 &2015 certified college"

**शासकीय स्वशाली आयुर्वेद महाविद्यालय, चिकित्सालय निपनिया रीवा (म.प्र.)**
**Govt. Autonomous Ayurved College & HospitalNipaniya Rawa (M.P.)**
Tel.No. 07662 -221040 , Email-govtayucollegerewa@gmail.com
Fa& No 07662-407517 Website-www.gacrewa.com

क्र./स्टोर/24/5273 रीवा दिनांक 17.12.2024

**निविदा विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व को सूचित किया जाता है कि शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा के महिला छात्रावास में भोजन एक नववर्ष के लिए आमंत्रित की जाती है निविदा 03 लिफाफा पद्धिति में स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर सीलबंद निविदाएं दिनांक 20.01.2025 कार्यालयीन समय तक आमंत्रित की जाती है प्राप्त निविदाएं दिनांक 21.01.2025 को माविद्यालय रीवा में खोली जाएगी, आमंत्रित निविदाएं का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | कार्य का नाम | भौतिक रूप से महाविद्यालय के कार्यालय में दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | फार्म की शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शास.स्व.आयुर्वेद महा.वि.रीवा के महिला छात्रावास में भोजन व्यवस्था हेतु मेस एवं कैंटीन संचालन की निविदा | 20.01.2025 | 21.01.2025 | 500 |

निविदा फार्म केवल ऑनलाइन भुगतान कर ऑनलाइन ही प्राप्त किए जा सकते है विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र मे प्रकाशित नहीं किया जाएगा केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उक्त निविदा संबंधी जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.gacrewa.com में देखी जा सकती है।

शर्ते- . निविदाए निर्धारित समय सीमा में प्राप्त होनी चाहिए। 2. निविदाए 03 लिफाफा पद्धति में होगी प्रथम लिफाफा में प्रतिभूति राशि का एफ.डी. आर. /डिमाण्ड ड्राफ्ट 20000.00 रु. एवं कैन्टीन हेतु 5000/- रू. का रखा जाए। द्वितीय लिफाफा सें संबंधित टेक्नीकल प्रपत्र रखे जाए तथा तृतीय लिफाफे में दर उल्लेख कर रखी जाएगी। 3. निविदा प्रपत्र प्रापत करने के लिए 500 रु. जमा कर दिनांक 20.01.2025 तक कार्यालयीन समय तक प्राप्त किया जा सकता है। जिसके लिए आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य होगी। 4. निविदा भरते समय मेस/कैन्टीन के लिए वैध फूड लायसेंस का होना अनिवार्य है। एवं ई.पी.एफ. श्रमिक का पंजीयन कार्य मिलने के बाद कराना आवश्यक होगा। 5 .प्राप्त किराए की दपर पर जी.एसटी शासन के नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा। 6. शेष अन्य शर्ते संलग्र प्रपत्रानुसार मेस की निविदा जारी करने की शर्ते के अनुरूप रहेगी। 7.प्राप्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा को होगा। जिसमें कारण बताने के लिए बाध्य नही होगे।

नोटरू: यदि प्राप्त फार्म इस अंतिम कोटेशन निवेदन में महाविद्यालय को नहीं प्राप्त हो पाती है। तो महाविद्यालय शासकीय दर पर किसी अन्य अधिकृत फर्म से कार्य करने के लिए स्वतंत्र होगी।

(डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ)
प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय

11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024

जनकल्याण पर्व






Mangubhai Patel, Governor

Dr. B.R. Ambedkar University

Convocation Ceremony

Chief Guest
Mangubhai Patel
Governor

Hon'ble Presence
Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

12:00 PM I Dr. Ambedkar Nagar (Mhow), Indore

Inauguration
880 MW Agar & Neemuch Solar Projects
Foundation Laying & Inauguration of Various Development Projects

2:00 PM I Susner, Agar-Malwa

Inauguration & Foundation Laying of Development Projects
(Worth ₹1000 Crores)

4:00 PM
Atal Bihari Vajpayee College, Indore

By
Chief Minister
Dr. Mohan Yadav
20th December, 2024

D-11129/24

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Power generation from renewable energy sources increased 14 times in 12 years to 7,000 MW | First project in India to get Solar Power at rates below coal-based power | Development of 450 MW Capacity Solar Park at Shajapur | 278 MW power generation started from Omkareshwar Floating Solar Power Project | 2000 MW capacity solar park to be developed between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh | Sanchi becomes first solar city, Har Ghar Solar Abhiyan to make Indore a solar city | State's first Solar Power storage plant to be set up in Morena | Target to solarize 2060 Villages under Pradhan Mantri Jan-Man Yojana |

Madhya Pradesh Contributing Towards Greener Tomorrow

LIVE STREAM Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

Released by the Department of Public Relations, M.P.
Designed by M.P. Madhyam/2024


स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# ग्राम पंचायत दिया में किये गये विभिन्न नवाचारों के लिए सरपंच रामशिरोमणि सिंह किये गये सम्मानित




**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच रामशिरोमणि सिंह द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ, वृक्षा रोपण, बच्चियों के जन्मदिन मनाने, कोचिंग सेन्टर खोलने, जन सेन्टर संचालन करने को लेकर इन दिनों चर्चाओं मे है, तथा उनके द्वारा लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र में अनेक नवाचार किये जा रहे है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षा को लेकर अभिभावकों एवं छात्र छात्राओ को जागरूक किया जा रहा है, सरपंच बनते ही उन्होने गांव की सभी बच्चियों का जन्मदिन अपनी तरफ से मनाने की घोषणा की गई थी, और उक्त घोषणा को वह लगातार पूरा कर रहे है तथा प्रत्येक बच्चिया का जन्मदिन मनाने का खर्चा अपनी तरफ से करते है एवं अधिक से अधिक बच्चियों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करते है, साथ ही इनके द्वारा गरीब बच्चियां के लिए कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया गया है, जिसमें गांव की ही पढ़ी लिखी बच्चियां छोटे बच्चो को शिक्षा देती है, उन्होन जन सेन्टर भी खोला है, जिसमें अनेक प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारिया शासन की योजनाए, आम जन के कल्याण की जानकारिया उपलब्ध कराई जा रही है। वह शिक्षा तथा समाजिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय संस्थाओं से भी संपर्क मे है और उसमे अपनी भागीदारी निभाते है, जिससे लगातार ग्राम पंचायत क्षेत्र को लाभ मिल सकें। शिक्षा से संबंध लक्ष्य संस्था के वह अध्यक्ष है, एवं उनके द्वारा टीम भी बना रखी है जिसके अनेक सदस्य है, लक्ष्य शिक्षा राहत कोश फाउन्डेशन संस्था द्वारा पांचवा वार्षिक समारोह बांदा उत्तर प्रदेश के ग्राम तिन्दुवारा मे आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम में बुन्देलखंड के विभिन्न जिलो झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, राठ, छतरपुर, पन्ना, सतना, चित्रकूट आदि जिलो के लक्ष्य कैरियर गाईडेन्स का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सचिव अमरपाल सिंह उपस्थित रहें है। उनकी उपस्थिती में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान पन्ना जिले के दिया ग्राम पंचायत के सरपंच राम शिरोमणि भी शामिल हुए थें। कार्यक्रम के दौरान सरपंच राम शिरोमणि सिंह नें अपनी ग्राम पंचायत में किये जा रहे नवाचर को मंच से उपस्थित सभी को बताया, तथा कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज के उत्थान एवं उनको आंगे बढानें मे कार्य करना चाहीए, कोई भी समाज तभी आंगे बढती है जब अधिक से अधिक लोग शिक्षित होते है, शिक्षा के बिना मानव जीवन अधुरा है, साथ ही कार्य करने का जजवा हमेशा रखना चाहीए, कोई भी कार्य छोटा बड़ा नही होता है।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर का किया गया पुनर्गठन

**समय जगत, मनावर ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा - मनावर मप्र द्वारा पेंशनर्स- डे के उपलक्ष्य में पेंशनर की विशेष बैठक दिनांक 18-12- 2024 बुधवार समय दोपहर 12 स्थान सिंघाना रोड बंकनाथ मंदिर के पीछे नर्मदा मंदिर में आयोजित की गई । जिसमें पेंशनर्स एसोसिएशन का पुनर्गठन। धार पेंशनर्स डे पर दिनांक 20, 12.2024 को जाने हेतु सहमति तथा आगामी वर्ष से 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का सम्मान करने संबंधी चर्चा की गई आज दिनांक 18, 12,2024 को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर की बैठक में पेंशनर एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया जिसमें संरक्षक छोगा लाल राठौर , अध्यक्ष श्री भाना लाल सोलंकी, सचिव, हरिराम पाटीदार कोषाध्यक्ष दत्तात्रेय शर्मा मीडिया प्रभारी सुनील जौहरी एवं श्री संजय कुमार वर्मा एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा धार पेंशनर डे पर जाने हेतु पेंशनरों से सहमति ली गई ।तथा तय किया गया, की अधिक से अधिक संख्या में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला -शाखा धार मप्र पर पहुंच कर प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यवाही में शामिल हुआ जाएं।मध्यप्रदेश शासन द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा नहीं किए जाने पर शासन चर्चा करें, इस बारे में हर्ष ध्वनि से प्रस्ताव पारित किया गया।तहसील शाखा के पुनर्गठन का अधिकार तहसील अध्यक्ष को सर्वानुमति से दिया गया। यह जानकारी संजय कुमार वर्मा एवं सुनील जौहरी मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई अध्यक्ष प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर जिला धार विशेष कोई समस्या हो तो हरिराम पाटीदार मोबाइल नंबर 930 530098 पर संपर्क कर सकते हैं प्रांतीय आह्वान पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 20 दिसंबर बुधवार को मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन धार में एकत्र होकर कलेक्टर धार को सौंपा जाएगा।इस ज्ञापन में पेंशनर्स की दो मांगों प्रथमतः-पुरे प्रदेश के संभागीय/जिला पेंशन कार्यालय को बंद कर पेंशन स्वीकृति कार्य को भोपाल में केन्द्रीकृत किये जाने की कार्यवाही का विरोध किया गया एवं वर्तमान व्यवस्था का पेंशनर्स हित में यथावत रखने तथा द्वितीय मांग मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के परिशिष्ट 6 के तहत आड़ लेकर पेंशनरों को महंगाई राहत स्वीकृति के पूर्व आपसी सहमति की अनिवार्यता को समाप्त करने के संबंध में उल्लेख किया गया है।लगभग 25 वर्ष से मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के परिशिष्ट 6 की आड़ लेकर पेंशनर्स के आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में प्रदाय किए गए ड्रायविंग लाइसेंस



**समय जगत, आगर मालवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बडौद में परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के लगभग 42 विद्यार्थियों का वाहन पोर्टल के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस बनवाये गये। इस दौरान छात्राओं को यातायात नियमों की भी समझाईश दी गई। शिविर 18 दिसंबर को आयोजित किया गया। इसी प्रकार जिले के अन्य महाविद्यालय में भी शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों के निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे । इस दौरान जिला परिवहन कार्यालय से बृजेंद्र जोशी सहित महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ठेकेदार पर सीएमओ को धमकाने का आरोप पुलिस से की गई लिखित शिकायत



**समय जगत, खरगोन।** मुख्यालय स्थित नगरपालिका सीएमओ के साथ एक ठेकेदार द्वारा कथित तौर पर अभद्रता करने सहित धमकाने का मामला कोतवाली पहुंचा है। बुधवार सुबह करीब कार्यालय का काम छोड़ सारे अधिकारी- कर्मचारी एकजुट होकर कोतवाली पहुंचे। यहां सीएमओ एमआर निगवाल द्वारा कि गई लिखित शिकायत के आधार पर कर्मचारियों ने ठेकेदार मोहन राठौर निवासी औरंगपुरा के खिलाफ शासकिय कार्य में बाधा एवं सीएमओ के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। शिकायत करने पहुंचे कार्यालय अधीक्षक रमेश कटारिया, मुकेश सोनी आदि ने बताया कि 17 दिसंबर को सीएमओ मंशाराम निगवाल अपने कार्यालय कक्ष में थे, इसी दौरान दोपहर करीब 2.30 बजे मोहन राठौर जो खुद को भाजपा नेता बताते है आए और वार्ड क्रमांक-21इंदिरा नगर में मुरुम फिलिंग कार्य का ठेका मिलने से कार्य आदेश जारी कराने की मांग को लेकर विवाद करने लगे। सीएमओ सहित कार्यालय अधीक्षक के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इस समस्त घटनाक्रम का वहां वीडियो भी बनाया गया, जो बतौर साक्ष्य शिकायती आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया है। थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

### कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के प्रवेश पत्र जारी

**समय जगत, कटनी ।** ग्रीष्मकालीन जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6 में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा शनिवार 18 जनवरी 2025 को कटनी जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जानी है। इस हेतु प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। सभी पंजीकृत अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय की सरकारी वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि कक्षा 6वीं के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 के प्रवेश पत्र जारी किये जा चुके हैं। कटनी जिले के कक्षा 5वीं के सभी पंजीकृत अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा के समय प्रत्येक अभ्यर्थी मूल प्रवेश पत्र एवं मूल आधार कार्ड लेकर परीक्षा केन्द्र में आयेंगे।

### एमजीएम में जटिल सर्वाइकल स्पाइन इंजरी का किया गया सफल इलाज

**समय जगत, कटनी।** एमजीएम अस्पताल में एक जटिल सर्वाइकल स्पाइन इंजरी का सफल इलाज किया गया। एक मरीज हमारे अस्पताल में सिर और गर्दन में चोट के कारण गंभीर दर्द की शिकायत लेकर आया। मरीज को गर्दन और हाथ में तेज दर्द हो रहा था। मरीज के परिजनों ने बताया कि मरीज ऊंचाई से सिर और गर्दन के बल गिरा है। आधुनिक एमआरआई जांच में यह पाया गया कि मरीज की सी-6 सर्वाइकल वर्टिब्रा सी7 के ऊपर पीछे की ओर खिसक गई है। उसका सफल उपचार किया गया।

# आगर में सत्र का चौथा नेत्रदान संपन्न



**समय जगत, आगर मालवा।** भारत विकास परिषद शाखा आगर मालवा के प्रयासों से बुधवार को आगर में सत्र का चौथा नेत्रदान संपन्न हुआ, परिषद के द्वारा शुरु किए गए नेत्रदान प्रकल्प के तहत डॉ सन्दीप चोपड़ा, कैलाश माहेश्वरी, प्रेरक प्रवीण मूंदड़ा, शैलेंद्र ठाकुर एव हेमंत शर्मा. के प्रयासो से शांति विहार निवासी (भाटपुरा वाले) विनोद शर्मा व योगेंद्र शर्मा के पूज्य पिताजी प्रेमनारायण शर्मा का देवलोक गमन 18-12-2024 बुधवार को होने के उपरांत नेत्र उत्सर्जक अजय यादव सहायक लखन यादव द्वारा नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई। जिससे दो व्यक्तियों की आंखों में रोशनी मिल सकेगी। भाविप ने शर्मा परिवार को प्रेमनारायण जी की मृत्यु पर शोक संवेदना देते हुए इस दुःख की घड़ी में भी नेत्रदान का साहसिक निर्णय लेने पर परिवारजन का आभार प्रकट किया। साथ ही प्रेरक सदस्य प्रवीण मूंदड़ा शैलेंद्र ठाकुर एवं हेमंत शर्मा का भी मैं बहुत-बहुत आभारी हूं कि उन्होंने शोक संदेश मैसेज पढ़कर तुरंत शर्मा जी के घर पहुंच कर उनको समझाने का प्रयास किया और उनको सफलता भी मिली उन्हीं के प्रयासों से दो लोगों को जीवन में रोशनी प्राप्त होगी अतः में भारत विकास परिषद की ओर से उनका भी बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं, परिषद शीघ्र ही पारिवारिक सदस्य एवं प्रेरक सदस्य का सम्मान करेगी! माहेश्वरी ने शर्मा परिवार को प्रेमनारायण जी की मृत्यु पर शोक संवेदना देते हुए इस दुःख की घड़ी में भी नेत्रदान का साहसिक निर्णय लेने पर परिवारजन का आभार प्रकट किया। शीघ्र ही पारिवारिक सदस्य एवं प्रेरक सदस्य का सम्मान भी किया जावेगा। नेत्र उत्सर्जन अजय यादव ने बताया कि पारिवारिक सहमति बनने पर मृत व्यक्ति के सिर के नीचे तकिया लगाकर एवं कमरे का पंखा बन्द करके जल्द से जल्द नेत्रदान के लिए संपर्क करना चाहिए। नेत्रदान करने से दाता के चेहरे का हिस्सा किसी प्रकार से प्रभावित नही होता है, क्योंकि केवल कॉर्निया को हटाया जाता है। एक दाता दो लोगों को फिर से देखने में मदद कर सकता है। भारत विकास परिषद की समाजजन से अपील है कि नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं और दूसरों दृष्टि का उपहार देने के लिए प्रेरित करे।

# शराब पीकर वाहन चलाना ट्रक ड्राइवर को पड़ा महंगा

**न्यायालय ने लगाया 10 हजार का अर्थदंड**



**समय जगत, कटनी।** सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ केपी सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव के आदेश अनुसार चौकी प्रभारी खितौली उपनिरीक्षक के के पटेल एवं पुलिस टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत यातायात के नियमों का पालन एवं सुरक्षित वाहन चलाने हेतु लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 16एच0382 का चालक शराब के नशे में ट्रक चलाते हुए पाया गया। वाहन चालक कम्मू उर्फ कमलेश के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत चालानी कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय बरही पेश किया गया था। माननीय न्यायालय द्वारा ट्रक चालक पर 10000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। संपूर्ण कार्यवाही में उपरीक्षक के के पटेल, प्रधान आरक्षक सीताराम, आरक्षक आशीष पटेल, सैनिक मोहन यादव, सैनिक बृजेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण , जेल अधीक्षक को दिये निर्देश



**समय जगत, दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर बुधवार को जिला जेल पहुंचे और बंदियों को मिल रही सुविधाओं के संबंध में आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने पुरूष बंदीगृहों, किचिन, महिला बंदीगृहों के अलावा स्वास्थ्य एवं भंडार गृह आदि बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने जेल में बंदियों से मिलने आये परिजनों से भी चर्चा की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रजापति मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान बंदियों और उनके परिजनों से भी बात की और यहाँ की सारी व्यवस्थाओं को देखा है। जहाँ.जहाँ संतोष जनक नहीं लगा है, वहां पर जेल अधीक्षक और उनके स्टाफ को निर्देशित किया है कि इसमें तुरंत सुधार लाएं और बाकी चीजों के संबंध में एक डिटेल्ड निरीक्षण प्रतिवेदन बनाकर आज ही शासन को भेजी जायेंगी ताकि जो भी कमियां हैंए वह सुधर सके और जो चीज अच्छी चल रही है उसको और व्यवस्थित ढंग से चलाया जा सके।

# सामुदायिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आगर मालवा पुलिस द्वारा सृजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**आगर मालवा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में 18 दिसंबर 2024 को आगर मालवा पुलिस द्वारा सामुदायिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समुदाय आधारित बालिका और महिला सुरक्षा हेतु संचालित है। समाज के कमजोर वर्ग, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय पुलिस थानों के समन्वय से सृजन समितियां बनाई गई हैं। सृजन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 12 से 20 वर्ष के बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबन, स्वास्थ्य सुरक्षा, कानून की जानकारी, मानवाधिकार, और कौशल विकास के प्रति जागरूक करना है। इस योजना में महिला पुलिसकर्मियों को पुलिस दीदी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो समुदाय में होने वाली हिंसा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, और बाल श्रम के मामलों को रोकने में सहायता प्रदान करती हैं। सउनि आशा लकवाल, जनसाहस एनजीओ की श्रीमती प्रिया सोलंकी और उमंग संस्था की श्रीमती शीतल हाड़ा ने किया कस्तूरबा गांधी छात्रावास सहित विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने आत्मरक्षा, पुलिस हेल्पलाइन, महिला एवं बच्चों से संबंधित कानून, सायबर अपराध, गुड टच-बैड टच, और पॉक्सो एक्ट की जानकारी प्रदान की।

## समुदाय और बालक–बालिकाओं का सशक्तिकरण

कार्यक्रम के तहत कमजोर वर्ग की बस्तियों में किशोर बालक-बालिकाओं को अपराध और नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें रोजगार निर्माण के लिए स्किल डेवलपमेंट और उच्च शिक्षा के साथ जोड़ने के प्रयास किए गए। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उनके समग्र विकास पर भी ध्यान दिया गया। यह उल्लेखनीय है कि सृजन कार्यक्रम को यूनिसेफ और अन्य राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने सराहा है।

# सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान होगा संकल्प पत्र का वाचन

**समय जगत, दमोह।** दमोह जिले में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु अच्छी आदतों के विकास तथा समाज के श्रेष्ठ व भावी नागरिक बनाने की दिशा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में एक संकल्प पत्र तैयार किया गया हैए जिसका वाचन प्रार्थना सभा के दौरान प्रतिदिन किया जाएगा। कलेक्टर कोचर का मानना है कि प्रतिदिन स्कूली छात्र प्रार्थना में संकल्प लेंगे जिससे छात्रों में नैतिक मूल्य और अनुशासन आयेगा। वर्तमान समय में विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल के अधिक प्रयोग से विद्यालयों में अनेक ऐसी घटनाएं हो रही हैंए जो समाज के लिए घातक है तथा विद्यार्थियों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। बिजली, पानी का अव्यय एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए संकल्प पत्र एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। संकल्प वाचन में जहां भी व्यर्थ में पानी बहता देखेंगे तत्काल नल को बंद करेंगेए जहां भी व्यर्थ में जलती हुई लाईट, पंखा देखेंगे जाकर बटन तुरंत बंद करेंगे, हम पाऊच पॉलीथीन को डस्टबिन में डालेंगे, यहां वहां नहीं फेकेंगेए हम जब भी खाना खायेंगे थाली में जूठन नहीं छोडेंगे, हम जीवन में कम से कम एक पेड़ जरूर लगायेंगे, देख भाल करेंगे, करेंगे, किसी प्रकार का नशा या धूम्रपान कभी नहीं करेंगेए हम स्वस्थ रहने के लिये प्रतिदिन खेल कूद योग करेंगे, हम यातायात के नियमों का सदैव पालन करेंगे, हम हमेंशा अपने से बड़ों का आदर करेंगेए हम लड़कियों और महिलाओं को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखेंगे।

# अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की सूचना पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**780 किलोग्राम महुआ और 10 लीटर अवैध शराब जब्त**



**समय जगत, कटनी ।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में मदिरा के अवैध रूप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत की जा रही कार्यवाही की श्रृंखला में मंगलवार को करीब 80 हजार रुपये की मदिरा लाहन जप्त की जाकर 6 न्यायालयीन प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किये गए। जिला आबकारी अधिकारी आर.के बघेल ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत विगत दिवस सूचना प्राप्त होने पर आबकारी वृत्त बड़वारा के ग्राम पिपरियाकलां, सिरौजा, कुन्दरेही, कचड़ारी, मोहनी, बगैहा, में अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के यहां आबकारी विभाग की टीम दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही के दौरान 9.5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 780 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया जाकर महुआ लाहन का सैंपल मौके पर ही नष्ट कराया गया। जब्त की मदिरा एवं लहान की अनुमानित मूल्य लगभग 80 हजार रुपये है। दबिश की कार्यवाही के दौरान आरोपियों के विरूद्ध कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। दबिश की कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उईके, मोना दुबे, कृष्ण कुमार पटेल, महेंद्र कुमार शुक्ला, अभिषेक सिंह, आबकारी आरक्षक देवेन्द्र प्यासी सम्मिलित रहे।

**रैपुरा थाना क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री पर नहीं लग रही रोक**

# शक्ति पुत्र महाराज की भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारी मात्रा में पकड़ी अवैध शराब



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, तथा स्थानीय ठेकेदार द्वारा गांव गांव अवैध शराब विक्री की जा रही है, जिससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी नशे की लत में फस रहीं है, और उनका जीवन बर्बाद हो रहा है, उक्त संबंध में भारतीय शक्ति चेनता पार्टी द्वारा पूर्व में भी अनेको बार अवैध शराब पकड़ने का कार्य किया तथा पुलिस की सुपुर्द किया गया एवं पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन देकर अवैध शराब रोकने की मांग की गई, लेकिन उक्त अवैध कारोबार पर कोई अंकुश नहीं लग रहा, पुलिस द्वारा शराब पकड़ने वालां पर ही मामला बनाने का काम किया है। गत दिवस भारतीय शक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भरवारा के पास अवैध रूप से विक्री की जा रही 140 पाव लाल, एवं 90 पाव प्लेन शराब भरी हुई पेटियां पकड़ी गई, तथा पुलिस को सूचना देकर शराब बरामद कराई गई। उक्त शराब क्षेत्रीय ठेकेदार के लोग मोटर साईकिल मे रखकर ग्रामीण क्षेत्रो मे सप्लाई कर रहें थे। ज्ञाता हो कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा लगातार नशा मुक्ति का अभीयान चलाया जा रहा है तथा नशा से संबंधित अवैधानिक वस्तुओं को रोकने के साथ साथ जातिवाद, छुआछूत, भय भूख, भ्रष्टाचार को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन प्रशासन से सहयोग करने का अनुरोध किया जा रहा है।

# एसडीएम की मौजूदगी में किसानों ने सीसीबी कार्यालय पर जड़ा ताला

**राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किया धरना- प्रदर्शन**



**समय जगत, खरगोन।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बुधवार को मुख्यालय पर सीसीआई कपास खरीदी सहित जिला सहकारी केंद्रिय बैंक प्रबंध संचालक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रभावी धरना प्रदर्शन किया। महासंघ ने भारतीय किसान निगम की कपास खरीदी प्रक्रिया को लेकर भी आक्रोश दर्ज कराते हुए कृषि उपज मंडी में धरना प्रदर्शन किया। सुबह 12 बजे किसान कृषक भवन में इकट्ठा हुए। यहां करीब दो घंटे चले धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां 18 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर इनके निराकरण की मांग की। ज्ञापन के बाद किसान शाम 4 बजे जिला सहकारी केंद्रिय बैंक पहुंचे थे। यहां प्रचार- प्रसार के नाम पर निजी खाद कंपनियों को लाभ पहुंचाते हुए लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए सीसीबी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर कार्यालय पर प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कार्यालय प्रवेश द्वार पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया, जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। किसानों को एसडीएम बीएस कलेश, सीसीबी संचालक पीएम धनवाल सहित थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने समझाईश का प्रयास भी किया लेकिन किसानों का प्रदर्शन जारी रहा। वही सीसीबी संचालक पीएम धनवाल ने किसानों को कहा कि उक्त प्रचार- प्रसार के आदेश शासन स्तर पर थे, जिसके समस्त निर्देश उनके पास है, कोई भ्रष्टाचार नही किया गया है।

# 'नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा मध्यप्रदेश'



श्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



श्री मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**750**
मेगावाट क्षमता का सबसे बड़ा सोलर प्लांट रीवा जिले में स्थापित

**3.25**
रु. प्रति यूनिट दर से किया जा रहा परियोजना से उत्पादित बिजली का क्रय

**600**
मेगावाट की परियोजनाओं का किया जा चुका है चयन

**52**
हजार सौर पम्पों की स्थापना के लिए की गई निविदा जारी

**25**
हजार करोड़ रुपए का निवेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किया गया

## अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने में अव्वल मध्यप्रदेश

म.प्र. सौर ऊर्जा से समृद्ध प्रदेश है, जिसमें सौर ऊर्जा के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। इसमें रीवा की गुढ़ परियोजना, पश्चिम में ओंकारेश्वर एवं नीमच परियोजनाएँ, उत्तर में मुरैना की प्रस्तावित परियोजना, मध्य एवं दक्षिण में सागर की प्रस्तावित परियोजना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को पहले से ही रीवा जिले में 750



मेगावॉट क्षमता का एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट स्थापित होने का गौरव प्राप्त है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया गया था। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में किसानों को भी ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कुसुम-'अ' एवं कुसुम-'स' के माध्यम से हम अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का कार्य भी पूर्ण तत्परता से कर रहे हैं। कुसुम-'अ' के तहत 2 मेगावॉट तक की परियोजनाएँ किसानों द्वारा अपनी जमीन पर लगायी जा सकती हैं। परियोजनाएँ चिन्हित सब-स्टेशन के 5 किलोमीटर की परिधि में की जा सकती हैं। किसान अपनी भूमि को कुसुम-'अ' परियोजनाओं के लिये विकास को लीज पर भी दे सकते हैं। परियोजना से उत्पादित बिजली का क्रय पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी द्वारा 3.25 रुपये प्रति यूनिट दर से किया जा रहा है। कृषकों द्वारा कुसुम-'अ' के अंतर्गत अभी तक 30 मेगावॉट क्षमता के सौर संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है, लगभग 600 मेगावॉट की परियोजनाओं का चयन किया जा चुका है एवं एक हजार मेगावॉट की अतिरिक्त परियोजनाएँ लक्षित हैं। कुसुम-'स' परियोजनाएँ कृषि के लिये दिन में बिजली प्रदाय के लिये उपयोगी है। कुसुम-'स' योजना के अंतर्गत 529 मेगावॉट की परियोजनाओं का चयन किया जा चुका है एवं कुल 3 हजार मेगावॉट की परियोजनाएँ लक्षित हैं। कुसुम-'ब' के अंतर्गत अभी तक प्रदेश में लगभग 21 हजार पम्प स्थापित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के किसानों के लिये सोलर पम्प की उपलब्धता के लिये एक लाख सोलर पम्पों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 52 हजार सौर पम्पों की स्थापना के लिये निविदा जारी की गयी है। म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा मिशन मोड में सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य वर्ष 2025 के अंत तक नवाचार के माध्यम से पूर्ण किया जाना लक्षित है। इन संयंत्रों की स्थापना रेस्को परियोजना अंतर्गत की जायेगी। रेस्को परियोजना अंतर्गत शासकीय भवनों को शून्य निवेश पर संयंत्रों की स्थापना की जायेगी। इन संयंत्रों से उत्पादित विद्युत संबंधित शासकीय कार्यालय को वर्तमान विद्युत दर से कम दर पर उपलब्ध होगी।

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सौर ऊर्जा के विजन एवं मार्गदर्शन तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। प्रदेश में वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से स्थापित संयंत्रों की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी। पिछले 12 वर्षों में राज्य की कुल नवकरणीय ऊर्जा स्त्रो से स्थापित क्षमता बढ़कर लगभग 7 हजार मेगावॉट हो गयी है। इस प्रकार राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा का अंश बढ़कर लगभग 21 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में नवकरणीय ऊर्जा से संयंत्रों की स्थापित क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक बढ़ायेंगे। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि 20 हजार मेगावॉट की पूर्ति के लिये हमारी सरकार ने 21 अक्टूबर, 2024 को 300-300 मेगावॉट क्षमता की सोलर पार्क परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति जिला धार एवं सागर के लिये प्रदान की गयी है। इन परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत का य एमपीपीएमसीएल द्वारा निविदा के माध्यम से न्यूनतम दर निर्धारित कर किया जायेगा, जिससे प्रदेश को सस्ती बिजली प्राप्त हो सकेगी।**

## औद्योगिक निवेश से खुल रहे हैं समृद्धि के द्वार

मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश की गति को और तेज करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखलाएं आयोजित करने की शुरूआत की गई है। इस श्रृंखला की तीसरी कड़ी में 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव आयोजित हुई है। इसके बाद सितंबर में ग्वालियर और अक्टूबर में रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन संपन्न हुआ। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए प्रदेश के बाहर तमिलनाडु के कोयंबटूर में 25 जुलाई को, कर्नाटक के बेंगलुरु में अगस्त में, दिल्ली में सितंबर और इंदौर में सितंबर में हुआ है। जबलपुर में 1500 से अधिक निवेशकों की भागीदारी रही । आयोजन में बायर-सेलर मीट भी रखी गई, जिसमें 1000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भागीदारी की सहमति दी थी। इसमें ब्रिटेन, कोस्टारीका, फिजी, ताइवान और मलेशिया का प्रतिनिधिमंडल भी भाग लिया और कृषि एवं रक्षा क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। कॉनक्लेव में लगभग 70 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किये गये।

## निवेश परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव

मध्यप्रदेश का निवेश परिदृश्य सकारात्मक रूप से बदल रहा है। उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। यह 222.77 करोड़ रूपये की लागत से 360 एकड़ में विकसित हो रहा है। इसी प्रकार धार में पीएम मित्रा-पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल एंड एपेरेल पार्क भी आकार ले रहा है। इसकी लागत 1000 करोड़ रुपए है और यह 1563 एकड़ में फैला है। नर्मदापुरम में 227 एकड़ में मैन्यूफैक्चरिंग जोन फार पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट भी अपना स्वरूप ले रहा है। इस पर 464.65 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा मुरैना में मेगा लेदर फुटवियर एसेसरीज क्लस्टर डेवलपमेंट पार्क 161 एकड़ में बन रहा है जिसकी लागत 222.81 करोड़ रुपए आएगी। इस प्रकार इन चारों परियोजनाओं पर 1910.23 करोड़ रुपए की लागत आएगी। राज्य सरकार प्रदेश को औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में सुनियोजित प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश में निर्माण क्षेत्र में सुधार आने के साथ ही प्रदेश से विदेशी निर्यात की अपार संभावनाएं बनी है।

## जिलों में निर्यात सुविधा प्रकोष्ठ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर सभी जिलों में निर्यात सुविधा प्रकोष्ठ बन गए हैं। इससे छोटे और मझौले स्तर के उत्पादकों में निर्यात के प्रति जागरूकता आई है। मध्यप्रदेश व्यापार संगठन परिषद और निर्यात प्रकोष्ठों ने मिलकर कई कार्यक्रम आयोजित किये हैं जिससे निवेश की संभावनाओं का आंकलन करने में सरकार को मदद मिली। नीमच, हरदा, अशोकनगर, नरसिंहपुर, शहडोल, बालाघाट, बैतूल और धार में जिला निर्यात संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रदेश भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में योगदान बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दवा उत्पाद, कपास, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीन, कपड़ा, जैविक रसायन, एल्युमिनियम, धातु, अनाज, विद्युत मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक जैसे प्रोडक्ट का निर्यात हुआ है। सबसे ज्यादा दवा उत्पादों का निर्यात हुआ। इनका निर्यात मूल्य 13,158 करोड़ रूपये है। अगले तीन सालों में मध्यप्रदेश का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इंदौर सबसे ज्यादा निर्यात करने वाला जिला है, जिसने 20,256 करोड़ रुपए का निर्यात किया।

## निवेश की अच्छी शुरूआत

रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की शुरूआत उज्जैन से हुई थी। इसमें एग्रो ऑयल एंड गैस कंपनी ने 75 हजार करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की थी। जेके सीमेंट ने 4000 करोड़, वोल्वो ने 1500 करोड़, एशियन पेंट्स ने 2000 करोड़, एचईजी ने 1800 करोड़, हिंदुस्तान इंजीनियर इंडस्ट्रीज ने 1500 करोड़, एलएनटी माइंड ट्री ने 800 करोड़, पेंशन ग्रुप में 400 करोड़ और ओरिएंटल पेपर मिलने 980 करोड़ रूपये निवेश करने की सहमति दी। इन एक लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों के पूरा होने से लगभग 1 लाख से ज्यादा रोजगार का निर्माण होगा। इसी प्रकार मुंबई इंडस्ट्री कान्क्लेव में प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपए का निवेश आएगा और एक लाख से ज्यादा रोजगार का सृजन होगा। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट ने 450 करोड़ रुपए, रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप ने 50 हजार करोड़ रुपए, ग्रासिम इंडस्ट्री ने 4000 करोड़ रुपए, जेएसडब्ल्यू लिमिटेड ने 17000 करोड़ रुपए, जोत डाटा सर्विस ने 500 करोड़ और एलएनटी ने 2000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया।

## मध्यप्रदेश के विकास की रोमांचक यात्रा

मध्यप्रदेश की रोमांचक विकास यात्रा के बारे में विस्तार से जानते हुए 1911 की जनगणना रिपोर्ट के पन्ने पलटना भी रोमांचक अनुभव से कम नहीं। यह रिपोर्ट आईसीएस जे.सी. मार्टिन ने तैयार की थी। वे सेंट्रल प्रोविंस एंड बेरार के सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ सेंसस ऑपरेशंस थे। वर्ष 1901 से 1910 के दशक में बेरार प्रोविंस को सेंट्रल प्रोविंस में शामिल किया गया। इस प्रकार सेंट्रल प्रोविंस के 8 ब्रिटिश जिले बेरार के चार जिले और 15 सामंती राज्यों को मिलाकर जनगणना होनी थी। यह पांचवीं जनगणना थी जो 10 मार्च 1911 में शुरू हुई। कुल 91,770 गणनाकार, 8,422 सुपरवाइजर और 675 चार्ज सुपरिंटेंडेंट मिलाकर एक लाख से ज्यादा का स्टाफ जनगणना के लिए था। यह क्षेत्र एक लाख 31 हजार वर्ग मील था। जनसंख्या 160 लाख थी। यह ब्रिटिश इंडिया के कुल क्षेत्रफल का 7.3त्न था, जो जापान के क्षेत्रफल से थोड़ा काम। आज का मध्यप्रदेश जो पहले मध्य भारत प्रांत था वह इसी सेंट्रल प्रोविंस एंड बेरार का भाग था। वर्ष 1911 की सेंसस रिपोर्ट के साक्षरता संबंधित 8वें चैप्टर में कुछ बेहद दिलचस्प आंकड़े मिलते हैं। इसमें अखबारों की संख्या और प्रसार संख्या के आंकड़े भी प्रकाशित किए गए।

## सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान रचता मध्यप्रदेश



वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के अनुकूल पर्यावरण संरक्षित प्रदेश बनने में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचने जा रहा है। वर्ष 2012 में प्रदेश की लगभग 500 मेगावॉट नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता थी। वर्तमान में कुल क्षमता बढ़कर 7 हजार मेगावॉट हो गयी है, जो कि विगत 12 वर्षों में लगभग 14 गुना बढ़ी है। राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़कर 21 प्रतिशत हो गयी है। राज्य सरकार की नवकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 20 हजार मेगावॉट करने की योजना है। आज प्रदेश में मौजूद रीवा और ओंकारेश्वर जैसी विश्व-स्तरीय सौर परियोजनाएँ देश में राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प और इच्छा-शक्ति का गौरव-गान कर रही हैं। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने में अग्रणी रहा है। रीवा सोलर प्रोजेक्ट 1590 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। यह विश्व के सबसे बड़े सिंगल साइड सौर संयंत्रों में से एक है। इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को एक आदर्श के रूप में पहचान मिली है। परियोजना से उत्पादित ऊर्जा का 76 प्रतिशत अंश पावर मैनेजमेंट कम्पनी उपयोग कर रही है। पहली बार ओपन एक्सेस से राज्य के बाहर दिल्ली मेट्रो जैसे व्यावसायिक संस्थान को उत्पादित बिजली का शेष 24 प्रतिशत अंश भी प्रदान किया जा रहा है। इससे प्रतिवर्ष 15.7 लाख टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन को रोका जा रहा है, जो 2 करोड़ 60 लाख पेड़ लगाने के बराबर है। रीवा सोलर प्रोजेक्ट को हार्वर्ड विश्वविद्यालय और सिंगापुर मैनेजमेंट विश्वविद्यालय में केस स्टडी के रूप में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस प्रोजेक्ट को वर्ल्ड बैंक प्रेसीडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसे नवाचार के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये भी चयनित किया गया है। यह प्रोजेक्ट पारम्परिक कोयला आधारित बिजली से कम दरों पर सौर ऊर्जा प्राप्त करने वाली भारत की पहली परियोजना है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मध्यप्रदेश में वर्तमान में आगर-शाजापुर-नीमच में 1500 मेगावॉट क्षमता का सोलर पार्क निर्माणाधीन है। इसमें आगर जिले की 550 मेगावॉट की क्षमता स्थापित की जा चुकी है। शाजापुर एवं नीमच जिले की 780 मेगावॉट क्षमता अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त मंदसौर में 250 मेगावॉट का सोलर पार्क तैयार किया गया है। इससे उत्पादित ऊर्जा मध्यप्रदेश की वितरण कम्पनियों द्वारा क्रय की जा रही है।

## सेवा सुशासन से गरीब कल्याण

मध्यप्रदेश ने पिछले छह माहों के सुशासन के प्रयासों से यह जाहिर कर दिया है कि गरीबी पर ठोस प्रहार कर गरीब परिवारों को गरीबी के कुचक्रसे बाहर लाया जायेगा। इसके लिए जरूरी है कि उन परिवारों को नागरिक सेवाओं के पहुंच के दायरे में लाया जाये। उनकी आर्थिक क्षमता बढ़ाई जाये। उनके लिए सूक्ष्म स्तर पर आर्थिक गतिविधियों की श्रंखला चलाई जाये। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये सरकार ने प्रतिबद्धता जाहिर की है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास का नारा वंचितों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियों की आधारशिला बन गया है। ज़रूरतमंदों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में सहायता दी जा रही है। गरीब हितैषी पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को देशभर में पहचान मिली है। उन्होंने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 श्रमिक परिवारों को 224 करोड़ की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। तीन दशक से हुकुमचंद मिल के मजदूर न्याय की गुहार लगा रहे थे, उनकी इस गुहार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने न केवल सुना बल्कि उन्हें एक बड़ी राहत प्रदान की।

D-19196/24

### ठेकेदार एवं जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण स्टेट कालीन सेमरी तालाब पहुंचा बदहाली की कगार पर

# 110 वर्ष पूर्व सिंधिया परिवार द्वारा बनवाए गए स्टेट कालीन सेमरी तालाब को संरक्षित करना हम सबकी है जिम्मेदारी : कामता लोधी

**समय जगत, शिवपुरी।** शिवपुरी जिला अंतर्गत आने बाली तहसील पिछोर के ग्राम सेमरी में वर्ष-1914-15 में 14951/- रूपए की लागत से सेमरी तालाब का निर्माण तात्कालीन ग्वालियर स्टेट के महाराजा कैलाशबासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी द्वारा कराया गया था, जिससे क्षेत्र में उन्नति और खुशहाली आई थी, उपरोक्त तालाब जल संसाधन विभाग के उदासीन कार्य-प्रणाली के कारण बदहाली की कगार पर पहुंच गया है! तालाब के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधि श्रीमती कामता-रघुवीर सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य शिवपुरी द्वारा उक्त तालाब की बदहाली को लेकर क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से गुहार लगाई है कि तालाब का संरक्षण सुनिश्चित कराया जाए! जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कामता-रघुवीर सिंह लोधी ने जल संसाधन विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि यह तालाब करीब 110 वर्ष पहले बना था जो 80-90 वर्ष बगैर किसी मरम्मत कार्य के ठीक स्थिति में था लेकिन जल संसाधन विभाग ने उक्त तालाब को पिछले 15-20 वर्षों में दो-तीन बार मरम्मत और विस्तार तथा गहरीकरण के नाम से करोड़ों रुपए का भारी भ्रष्टाचार कर तालाब की



मजबूती की जगह और अधिक कमजोर कर दिया! जो तालाब 80-90 वर्षों में खराब नहीं हुआ उसे जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर मरम्मत कार्य के नाम पर बड़े पत्थरों की पिचिंग निकलवा कर छोटे छोटे पत्थरों की पिचिंग आधी-अधूरी भरवा कर इतिश्री कर दी! इसके बाद दो बर्ष पूर्व पुनः तालाब मरम्मत एवं विस्तारीकरण के नाम पर जेसीबी मशीन से बांध के ऊपर पिचिंग साइड खुदाई कर के सीमेंट कांक्रीट की दीवार बना दी गई! लेकिन जो खुदाई में पिचिंग खराब हुई थी उसकी मरम्मत नहीं की और जो मिट्टी पिचिंग के ऊपर खुदाई के समय डाल दी गई थी उसे भी नहीं हटवाया गया। जिसके कारण पिचिंग के ऊपर चिरौल और बेशर्म के पेड़ और झाड़ियां उग आई हैं! जिससे बांध बहुत कमजोर हो गया है! बिगत दो वर्ष पूर्व जो कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कराया गया है उससे तालाब में सीपेज बढ गया है जिससे पानी लगातार निकल रहा है! बांध के ऊपर बड़े-बड़े गड्डु हो गए हैं और तालाब की डाउन स्ट्रीम में बड़े-बड़े रेन कट बन गए हैं! जिससे बांध निरंतर कमजोर होता चला जा रहा है! साथ ही जो तालाब से निकलने बालीं नहरें हैं उनके मरम्मत कार्य के नाम से लाखों रूपए अधिकारी और ठेकेदार खा गए फिर भी नहरें ज्यों की त्यों फूटीं हुई बदहाल स्थिति में डाली हुई हैं! क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कामता-रघुवीर सिंह लोधी ने अपने सांसद और केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से निवेदन किया है कि हमारे जीवन दायी इस तालाब को बर्बाद होने से बचाने की कृपा करें तथा जिनकी वजह से उक्त तालाब की स्थिति खराब हुई है। जल संसाधन विभाग के उन जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदारों पर कठोर कार्यवाही कराने की कृपा करें तथा तालाब की पिचिंग कार्य पुनः सही कराने, जो पेड़ और झाड़ियां उग आई हैं उन्हें हटवाने, जो रेन कट बन गए हैं उन्हें भरवाने, जो पानी सीपेज हो कर वह रहा है।

## खुशहाली एवं परिपूर्ण जीवन जीने में मदद करता है अल्पविरामः गुर्जर

**समय जगत, श्योपुर।** परिस्थितियों को नहीं मनोस्थिति को बदलने का माध्यम है अल्पविराम यह लोगो की जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन लाता है यह एक ऐसी विधा है जो जिससे हम स्वयं को जान सकते है यह हमे खुशहाल एव परिपूर्ण जीवन जीने में मदद करता है। उक्त उदगार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अतेंद्र सिंह गुर्जर ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम में भाग लेते हुए व्यक्त किये। अल्पविराम कार्यक्रम के दौरान 60 शासकीय सेवको द्वारा भागीदारी की गई, जिन्हें सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि हम भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने आप के लिए समय नही निकाल पाते है हमे खुद को जानना बहुत आवश्यक है आप सभी कुछ समय का अल्पविराम अवश्य ले तभी हम आनंदित रह पाएंगे तभी हमारे कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आयगा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई तथा मास्टर ट्रेनर प्रदीप मुदगल द्वारा आंनद विभाग के तहत संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं अल्पविराम क्या है इसके बारे में बताया गया।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने उत्साह एवं उमंग से मनाया पेंशनर्स डे

## पेंशन के मौलिक अधिकार को रखेंगे सुरक्षित एवं संरक्षित

**समय जगत, रतलाम।** मध्य प्रदेश सरकार जबरन मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन की धारा 49 (6) 2000 साढ़े चार लाख पेंशनरों पर थोपकर आर्थिक शोषण कर रही है। चुनाव पूर्व बड़े-बड़े नेता वादे करते हैं पर सत्ता में आने के बाद सब भूल जाते हैं यह बात प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल की महामंत्री सुभाष चंद्र शर्मा ने पेंशनर्स दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 50 जिलों में एकमात्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन वट वृक्ष की शाखों की तरह विस्तृत फैला हुआ है। हमें जो आज उपलब्धि मिल रही है। वह इसी महासंगठन के संघर्ष के कारण ही प्राप्त हो रही है। इसलिए हर पेंशनर को प्रोग्रेसिव पेंशनर संगठन से जुड़े रहना आवश्यक है। प्रारंभ में अतिथियों महामंत्री सुभाष शर्मा महिला पेंशनर प्रकोष्ठ खंडवा अध्यक्ष उमा उपाध्याय, संयुक्त श्रम संगठन समिति रतलाम अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, आत्माराम सोनेर उपाध्यक्ष खंडवा,




प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन, रतलाम अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, महिला प्रकोष्ठ रतलाम संयोजक गीता राठौर, लोकेंद्र सिंह डोडिया सचिन तहसील पिपलोदा, दिनेश चंद्र जोशी अध्यक्ष बाजना, टी आर डोडियार अध्यक्ष सैलाना, बाबूलाल परमार अध्यक्ष रावटी, कालूराम परमार अध्यक्ष आलोट द्वारा मां सरस्वती सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात प्रधान न्यायाधीश व्हाय वी चंद्रचूड़, सेवानिवृत कर्मचारी योद्धा डी एस नाकरा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। चंद्रकला व्यास ने सरस्वती वंदना तथा आशा श्रीवास्तव ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा ने प्रधान न्यायाधीश वाय वी चंद्रचूड़ एवं डी एस प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन नाकरा के महति ऐतिहासिक निर्णय कार्यो को दोहराते हुए वर्तमान सरकार द्वारा न्यायिक निर्णयो की अवहेलना का उल्लेख किया। संगठन के आह्वान पर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। पेंशनर्स में संगठनिक चेतना होना अति आवश्यक विशिष्ट अतिथि अश्विनी शर्मा ने संबोधन में कहा कि सरकार मजदूरों कर्मचारियों पेंशनरों के दो तरफा व्यवहार करती है। सरकार कर्मचारी पेंशनर्स को विरोधी नीति अपनाती है। हमें भी अपने हक को मांगों के लिए समय-समय पर आंदोलन व संघर्ष करते रहना चाहिए इस तरह से आंदोलन करते रहेंगे तो सरकार का ध्यान आकर्षित होगा। महिला पेंशनर्स प्रकोष्ठ खंडवा अध्यक्ष उमा उपाध्याय ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब जब भी पेंशनर्स के मुद्दों को लेकर आंदोलन होगा तो समस्त महिला शक्ति कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ संघर्ष में भाग लेंगी। रतलाम के महिला प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एकता मंच को देखकर मैं प्रफुल्लित हूं। ऐसा संगठन हर जिले में होना चाहिए। महिला ही समाज की धुरी है। फैमिली पेंशनर्स महिलाओं से संपर्क कर संगठन से जोड़े और बंद मुट्ठी को और मजबूत करें। सम्मेलन को लोकेंद्र सिंह डोडिया, दिनेश जोशी, गीता राठौर, बाबूलाल परमार, आत्माराम सोनेर ने भी संबोधित करते हुए पेंशनर्स संगठन की एकता पर जोर दिया।

## ठाकुर जी ने केवट बनकर राधारानी को कराया यमुना पार



**समय जगत, श्योपुर।** शिव की नगरी श्योपुर में 21 साल के इंतजार के बाद श्री विठ्ठल जयंती महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मंगलवार शाम को पुल दरवाजा स्थित श्रीनाथ पैलेस में महारासलीला के आयोजन के साथ शुरू हो गया जिसमें पहले दिन गोपियों संग ठाकुर जी की लीलाओं का वर्णन वृंदावन से पधारी श्रीकृष्ण गोपाल रासलीला मंडल के कलाकारों ने बडे ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसे देखकर महारासलीला में मौजूद श्रृद्धालु मनमोहित हो गये। पुष्टिमार्गीय वैष्णव सम्प्रदाय के श्रीश्री शरद जी महाराज के सानिध्य में यह आयोजन 25 दिसम्बर तक जारी रहेगा जिसमें प्रतिदिन श्रीविठ्ठल भगवान के उत्सव को आनंदमय तरीके से मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद श्योपुर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि श्री विठ्ठल जयंती महोत्सव के 9 दिवसीय आयोजनो की शुरूआत मंगलवार को रात्रि 8 बजे से शुरू हो गया जिसमें पहले दिन महारासलीला का आयोजन किया गया जिसमें श्रीकृष्ण गोपाल रासलीला मंडल के कलाकारों ने स्वामी श्री श्यामसुंदर शर्मा के निर्देशन में कलाकारों ने महारासलीला में केवट प्रसंग का वर्णन किया, जिसमें गोपियां श्रीराधा रानी सहित यमुना पार करने की गुहार लगाती है तो राधा रानी की मनुहार पर ठाकुर स्वयं केवट बनकर नाव लेकर आते हैं और आकर्षक ढंग से भगवान राधा रानी को यमुना पार कराते हैं, इस संवाद को देखकर लोग आनंद से झूम उठते हैं और भगवान के भजनो पर मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगते हैं। मंचीय कलाकारों की जीवटता से महारासलीला का प्रदर्शन शानदार रहा। इस मौके पर सर्वप्रथम कार्यकारिणी द्वारा महाराजश्री शरद जी महाराज की चरणवंदना की गई एवं भगवान श्रीराधा-कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया।

### गजौरा ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर हुआ संपन्न

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोग लें लाभ :राकेश लोधी




**समय जगत, शिवपुरी।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत खनियाधाना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गजौरा में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया! शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के पुत्र राकेश लोधी तथा अन्य जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी, सहित पिछोर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवदयाल धाकड़, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश लोधी द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया इसके साथ ही शिविर को आगे बढ़ाते हुए तहसीलदार शिवशंकर सिंह द्वारा उपस्थित जन समुदाय एवं हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा जो जनहित योजनायें चलाई जा रही हैं, इन सभी योजनाओं के बारे में आप लोगों को जानकारी होना आवश्यक है, उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी! इसके साथ ही एसडीएम शिवदयाल धाकड़ द्वारा लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर सभी पंचायतों में लगाया जा रहा है, इन शिवरो के माध्यम से लोगों को जो भी समस्याएं वह अपनी समस्याएं हम तक पहुंचाएं तथा शासन की जो भी योजना है, उन सभी योजना का आप लाभ लें! मुख्य अतिथि राकेश लोधी द्वारा मौके पर लाभान्वित हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, खसरा संबंधी प्रमाण पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना, तथा छात्र/ छात्राओं को शासन द्वारा दी जाने वाली निशुल्क साइकिलों को वितरण किया गया! राकेश लोधी द्वारा बताया कि शासन की जो भी योजनाएं संचालित हैं आप इनका लाभ जरूर लें हैं! माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा आपके प्रत्येक ग्रामों में यह शिविर इसलिए ही लगाये जा रहे हैं कि आप लोग इसका लाभ लें।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने केन्द्रीय विद्यालय निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया



**मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत जामगांव विकासखंड नैनपुर में केन्द्रीय विद्यालय निर्माण हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल पर समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिए। शासकीय भूमि में किए गए अतिक्रमण को हटाने को कहा। जिससे केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध हो सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने एसडीएम नैनपुर को निर्देश दिए कि केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि उपलब्धता के संबंध में शीघ्र ही रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, तहसीलदार नैनपुर सुश्री पूजा राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी सहित जिला, जनपद एवं स्थानीय स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर में 56 करोड़ रुपए से बनेगा रेलवे ओवर ब्रिज, सर्वे में 80 फिट की जगह किया 60 फीट होगा ट्रैफिक जाम, नागरिकों ने दर्ज कराई आपत्ति

**समय जगत, खिरकिया।** नगर में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। राजस्व विभाग, ब्रिज कॉरपोरेशन व निर्माण एजेंसी की और से फील्ड का फाइनल वर्क किया जा रहा है। कहां-कहां से ओवर ब्रिज निकलेगा और कितनी भूमि का अधिग्रहण होना है, इस संबंध में चूना लाइन डाली जा चुकी है। इसको लेकर ब्रिज कारपोरेशन के इंजीनियर व राजस्व विभाग का अमला चार दिन से मैदानी स्तर पर काम कर रहा है सोमवार को सर्वे सम्बंधित कार्य पूरा हो गया। इस दौरान ब्रिज की चौड़ाई, दोनों ओर एप्रोच रोड की चौड़ाई को लेकर फील्ड वर्क किया गया।इसके बाद भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाने संबंधित कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द निर्माण शुरू हो सके।

### 80 से अधिक मकान, दुकान, भूमि चिन्हित

जानकारी के अनुसार 80 से अधिक मकानों एवं दुकानों तथा खाली पड़ी जमीन को ओवरब्रिज के निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है। इसमें करीब 65 स्थल पश्चिमी क्षेत्र अर्थात तहसील कार्यालय की तरफ के है।बताया जाता है कि इनमें अधिकांश स्थल या तो अतिक्रमित है अथवा पट्टेधारियों के कब्जे में है।वहीं तहसील कार्यालय का कुछ भाग तथा साप्ताहिक बाजार के लिए बनाए गए शेड भी शामिल



है। अब पट्टे और अतिक्रमण का सर्वे कार्य किया जाएगा। नगर के मुख्य मार्ग से लेकर बाड़ी मैदान, आनंद नगर क्षेत्र, लाल बंगले से मंगलवारा बाजार क्षेत्र में सर्वे कार्य चार दिन से लगातार जारी है। 12 मीटर चौड़ाई रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का प्राथमिक कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा रेलवे लाइन के इस पार अर्थात बाड़ी मैदान तरफ भी लगभग 15 से अधिक स्थल चिन्हित किये गए हैं।

### किए जा रहे भू-अर्जन संबंधित पत्रक तैयार

ब्रिज कॉर्पोरेशन और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नगर के मुख्य मार्ग, बाड़ी मैदान से लेकर मंगलवारा बाजार और उसके बाद जहां पर ब्रिज उतरना है वहां तक सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। भू अर्जन संबंधित पत्रक तैयार किए जा रहे हैं। सीमांकन के लिए जल्द ही सभी की नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्माण के दौरान मंगलवार बाजार में अधूरे पड़े हुए टीन शेड को भी हटाया जाएगा।

## मुख्य सचिव की वीसी में शामिल हुए कलेक्टर

**समय जगत, श्योपुर।** लोक शिकायतों के निवारण एवं सेवा वितरण में सुधार के उद्देश्य से आगामी सुशासन दिवस (25 दिसम्बर) के पूर्व 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक चौथे सुशासन सप्ताह के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर आयोजित किया जा रहा। इसी तारतम्य में प्रशासन गांव की ओर की तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में मुख्य सचिव म.प्र. शासन अनुराग जैन की अध्यक्षता मे वीडियो कान्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा निर्देशित किया गया कि आम आदमी का कार्य सुविधा से तथा समय सीमा में हो, यह सुनिश्चित किया जायें। उन्होने कहा कि सुशासन सप्ताह 2024 के तहत रिपोर्टिंग के लिए बनाये पोर्टल पर समस्त जानकारी सुव्यवस्थित रूप से अपलोड की जाये। इसी के साथ सेवा वितरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शिविरों के साथ ÷प्रशासन गांव की ओर÷ अभियान को जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन, सीपीजी आरएएम एस में शिकायतों का निवारण, जिले की सर्वोत्तम सुशासन गतिविधियों एवं लोक शिकायत निवारण की सफलता को परिलक्षित किया जाये। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में 23 दिसम्बर को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नवाचार पर कार्यशाला का आयोजन किया जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक जिले में आगामी विकास के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया जाये, जिसे पोर्टल पर अपलोड किया जायें। इसके अलावा राजस्व महाअभियान एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर के दौरान निराकृत प्रकरण भी अभियान के तहत लिये जायें। वीडियो कॉफ्रेसिंग के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम मनोज गढवाल, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, वायएस तोमर, डीपीओ महिला बाल विकास ओपी पांडेय आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### सत्य को उद्घाटित करता है पत्रकार : सत्तन

## जागरुकता से ही रोका जा सकता है साइबर फ्रॉड को : राजेश दंडोतिया

**समय जगत, इंदौर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने इंदौर संभागीय एवं जिला सम्मेलन जाल सभागृह आयोजित किया गया, जिसमें शहर के 31 लोगों का इंदौर गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह के अतिथि एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया, राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, बरकतउल्ला विश्व विधालय , भोपाल के कुलपति, डॉ. एस के जैन, इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, वरिष्ठ फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. महेश साहू, फिल्म एक्ट्रेस सारिका दीक्षित और वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा थे। अपने मुख्य संबोधन में श्री सत्तन ने कहा कि पत्रकार बड़ा सजग और समाज का प्रहरी होता है और वह सत्य को उद्घघाटित करता है। अत- समाज भी पत्रकारों का सम्मान करे। तमाम घटनाओं और गतिविधियों का समुचय होता है। अखबार और उसका प्रकाशन बड़े परिश्रम से होता है। अतः पाठक अखबार को पूरा महत्व दें। श्री दंडोतिया ने कहा कि साइबर फ्रॉड किसी भी व्यक्ति के साथ कभी भी और



कहीं भी हो सकता है, इससे बचने के लिए हमेशा चौकस रहें। कभी भी अनजान मोबाइल नंबर से कॉल आने पर उठाएं, जिन्हें नहीं जानते उनकी फ्रेंड रिक्वेस्ट नहीं लें, अनजान लिंक नहीं खोलें, किसी को भी अपना ओटीपी नंबर नहीं दें। ऐसे फ्रॉड को रोकने में मीडिया लोगों को जागरूक करें। इस काम में मीडिया और भी बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। डॉ. एस के जैन ने कहा कि आज के दौर में समाज को मीडिया की बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि वह समाज को सही राह दिखा सकता है। वह अपनी सशक्त लेखनी से सामाजिक विसंगतियों को दूर करने का संकल्प लें। डॉ. महेश साहू ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और इस पर अधिक ध्यान देना चाहिए। जरा सी लापरवाही भी नुकसानदेह है। सारिका दीक्षित ने कहा कि एक अखबार में बहुत बड़ी ताकत होती है अत- वह छोटे- छोटे कार्यक्रमों की जानकारी भी अपने पत्र में दें। कीर्ति राणा ने कहा कि अच्छे काम करने वालों पर एक दिन सबकी नजर पड़ती हैं और उनको यश भी मिलता है। आज का यह आयोजन इसका प्रमाण है। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार ने देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश के पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन है, जो पत्रकारों के हितों की रक्षा करता है।

## एसपीएल फाइनल रोमांचक मुकाबले में सेवेजर्स ने चार विकेट से जीता मैच

**समय जगत, मण्डला।** नगर में पहली बार आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ने लोगों का दिल जीत लिया। श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल के द्वारा पोड़ी महाराजपुर के नवीन निर्मित खेल परिसर में सिंधी समाज के युवाओं




के द्वारा एक पहल की गई,जिसमें रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,18 टीमों की सहभागिता में नन्हे बच्चों से लेकर बड़ी उम्र तक के सामाजिक जनों ने क्रिकेट में अपना जौहर दिखाया, नॉकआउट मैचों की इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम फाइनल पहुंची, फाइनल मैच सेवेजर्स एवं सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स की टीम के बीच खेला गया। जिसमें सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स की टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बैटिंग का फैसला किया, सेवेजर्स की बेहतर बॉलिंग और फील्डिंग के कारण बैटिंग टीम की रन बनाने की शुरुआत धीमी रही,इसके बाद बैटिंग करने आए आयुष चंदानी और संभव क्षत्री के योगदान से टीम ने 5 विकेट पर 58 रन बनाए,जवाब में उतरी सेवजर्स की टीम की शुरुआत भी धीमी रही लेकिन तीन विकेट गिरने के बाद आए चिराग रहदवानी ने धैर्य से खेलते हुए अपना खेल शुरू किया,फिर ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 21 बॉल में 41 रन बनाकर मैदान में रोमांच भर दिया ,13 गेंदें शेष रहते अपनी टीम को फाइनल मैच जितवा दिया, इससे पहले मैच की शुरुआत सभी सदस्यों के द्वारा राष्ट्गान गाकर की गई और खिलाड़ी भावना का परिचय दिया गया।इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी,सिंधु नवयुवक मंडल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे, समापन के अवसर पर इस सीरीज में सभी मैचों में मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ी को सम्मानित किया गया,सीरीज में नन्हे खिलाड़ियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।सेवेजर्स टीम को विजेता कप के साथ सम्मानित किया गया, इसके साथ ही विजेता टीम को 21 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया,उपविजेता सुभाष वार्ड नाइट राइडर्स को भी कप के साथ सम्मानित किया गया।